# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


**तापमान**

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 27.4 डिग्री



बृहस्पति बाजार के पास सड़क पर गड्ढा बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इससे बचने यहां सायकल रख दी गई है।


## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

**बिलासपुर।** जिला नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी बिलासपुर अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र अगस्त 2025 में प्रवेश हेतु वेबसाईट में अथवा कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 16 जुलाई से 23 जुलाई रात्रि 11.59 बजे तक किये जा सकते हैं।

### एयू यूटीडी में आवेदन की तिथि 22 तक

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना में अपरिहार्य कारणों से आंशिक संशोधन करते हुए यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के नियमित स्नातक प्रथम सेमेस्टर, स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, पत्रोपाधि एवं प्रमाण पत्र पाठयक्रमों में आनलाइन प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक थी, जिसे अब बढ़ाकर 22 जुलाई तक कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया की सूचना यूनिवर्सिटी द्वारा अलग से जारी किया जाएगा।

### सहायिका के रिक्त पद पर दावा-आपत्ति 21 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी अंतर्गत ग्राम मनवा के आंगनबाड़ी केंद्र मनवार 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति के लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों की जांच कर अंतिम सूची जारी कर दी गई है, जिसे परियोजना कार्यालय एवं जनपद पंचायत मस्तूरी के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। जारी सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 21 जुलाई तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### अब आधार पंजीयन केंद्र शासकीय परिसर में खुलेंगे

**बिलासपुर।** शासकीय कार्यालय स्थलों पर ही अब आधार पंजीयन के कार्य होंगे। चिप्स के सीईओ कार्यालय रायपुर ने इस आशय के आदेश जारी किए गए हैं। लिहाजा ई गवर्नेंस सोसाइटी बिलासपुर द्वारा आधार पंजीयन केंद्र खोलने के लिए 21 जुलाई तक आवेदन प्रस्ताव मंगाए गए हैं। इसमें जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी बिलासपुर द्वारा जिला कलेक्ट्रेट, नगर निगम, जिला पंचायत, तहसील, एसडीएम ऑफिस, जनपद पंचायत और नगरपालिका तथा नगर पंचायत कार्यालय में कुल किट संख्या 34 के लिए आवेदन जमा करना होगा।

### दिन भर उमस, शाम हुई बूंदाबांदी

**बिलासपुर।** मौसम ने मंगलवार को थोड़ी राहत दी, इस दौरान नर्म हवाओं के आगमन के कारण तापमान में 2 डिग्री की कमी दर्ज की गई। इस दौरान 32 सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। खास बात यह है कि दिन भर उमस भरी गर्मी रही और लोगों को परेशान होना पड़ा लेकिन शाम होते ही बुंदाबांदी हुई और लोगों को राहत मिली। मौसम जानकारों के अनुसार झारखंड और बिहार के बीच निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, वहीं द्रोणिका बीकानेर, राजस्थान, हमीरपुर, झारखंड, बिहार के बीच बना हुआ है।

## निगम की 4, पीडब्ल्यूडी की 10 सड़कों पर चलना मुश्किल



सरकंडा अशोकनगर की सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हो गए है, वाहन सवार को गुजरना मुश्किल हो गया है।

# 15 करोड़ में बनीं सड़कें उखड़ने लगीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### सड़कों की मरम्मत का काम 15 अक्टूबर के बाद ही हो सकेगा

करीब 15 करोड़ खर्च कर बनाईं गई शहर की सड़कें उखड़ने लगीं हैं। इसमें निगम की 4 तो पीडब्ल्यूडी की 10 सड़कें शामिल हैं। लगभग सभी सडकें गड्डों से भरी हैं कुछ जगहों पर सड़क से गिट्टी निकलने लगी है। इन उधड़ी सड़कों पर चलने से परेशानी हो रही है।

अब अधिकारियों का कहना है कि जहां शिकायत मिल रही है वहां पेंचवर्क कराया जा रहा है। मिट्टी-गिट्टी डाली जा रही है। सड़कों की ठीक से मरम्मत का काम 15 अक्टूबर के बाद ही हो सकेगा। साफ है तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा। गुणवत्ता के लाख दावों के बीच कहा गया था सड़कें जल्दी खराब नहीं होंगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। करोड़ों में बनी सड़कें पहली बारिश नहीं झेल सकी। सड़कों पर डामर के नाम पर केवल पोताई की गई। बेस मजबूत नहीं किया गया और हाल यह रहा कि सड़कें उधड़ने लगीं। देखा जाए तो बिलासपुर शहर भले ही स्मार्ट सिटी की राह पर पर हो, लेकिन इस बारिश ने इसका एक तरह से मुखौटा उत्तार दिया है। शहर की दस से ज्यादा मुख्य मार्गों की सड़के गड्ढ़ों से भरी पड़ी है।



इंदिरा सेतु से कुदुदण्ड की ओर जाने वाली सड़क इस बरसात में खराब हो गई है।

### अशोकनगर से जान हथेली पर रख गुजर रहे लोग

अशोक नगर से बिरकोना जाने वाली सड़क जर्जर हो चुकी है। आए दिन बाइक सवार इस सड़क पर गिर रहे हैं। देखा जाए तो अशोक नगर चौक पूरी तरह से विकसित हो चुका है। इस चौक पर सुबह से ही आवाजाही शुरू हो जाती है। देर रात तक यातायात का दबाव बना रहता है। इसके बाद भी इस चौक की सड़क पर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चौक और इसके आसपास के मुख्य सड़क पर गड्डे ही गड्डे नजर आ रहे हैं। साथ ही उड़ती धूल ने भी लोगों की समस्या बढ़ाकर रख दी है। खास तौर पर पानी टंकी से लेकर अशोक वाटिका ओर उससे आगे तक तो जान हथेली पर रखकर लोग गुजर रहे हैं। इस सड़क पर करीब एक करोड़ रुपए साल भर खर्च किए गए थे।

### इंदिरा सेतु से कुदुदण्ड की सड़क बनी जानलेवा

इंदिरा सेतु से कुद्दुदण्ड की ओर जाने वाली सड़क इस बरसात में खराब हो गई है। यह सड़क पीडब्ल्यूडी की है। कहा जा रहा है कि बारिश के बाद इस सड़क को बनाया जाएगा। इसके पेंच वर्क में दो साल पहले करीब 80 लाख रुपए खर्च किए गए थे। सड़क में जगह-जगह गढ्ढे नजर आने लगे हैं और पानी गिरने पर इन गढ्ढों में पानी भरा रहता है। कुछ दिन पहले हुई बारिश में यहां होमगार्ड आफिस और परिसर तक में पानी भर गया था। लोगों गड्डों में गिरने लगे थे। सीएमडी कालेज चौक पास, दयालबंद, अशोकनगर, मध्यनगरी चौक, सरकंडा क्षेत्र की सड़कें भी बरसात में खराब हो रहीं है।

### दो करोड़ में बनी चांटापारा की सड़क उखड़ गई

नेहरू चौक से देवकीनंदन चौक की ओर जाने वाली मुख्य सड़क का निर्माण सालभर पहले डामरीकरण किया गया था। इसके साथ ही नाली भी बनी थी। इसमें दो करोड़ खर्च किए गए थे। यह सड़क बारिश होने के साथ ही उधड़ने लगी है। कोन्हेर गार्डन के पास से लेकर चौक तक सड़क से डामर छोड़ने लगा है, जिससे सड़क की जीरो गिट्टी निकलने लगी है। बारिश में यहां पानी भर जाता है। अब कहा जा रहा है कि ठेकेदार से ही सड़क बनवाई जाएगी। इसके साथ ही शहर के प्रमुख राजेन्द्र नगर चौक पर गढ्ढे के कारण आवागमन बाधित है। बारिश में यह गड्डा जलभराव से पूरी तरह भर जाता है। जिससे यह और खतरनाक हो जाता है।

### लिंक रोड पर गड्ढे खोदकर भरना भूल गए

लिंग रोड पर नगर निगम ने खुदाई तो की, लेकिन गड्डों को भरना भूल गया। अधूरे कार्य की वजह से हादसों का खतरा बना हुआ है और आसपास के दुकानदारों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके साथ ही डीएलएस कॉलेज मार्ग पर गड्ढों के कारण कॉलेज जाने वाले छात्र छात्राओं को रोजाना समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलना और दोपहिया वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा हो गया है। इसके साथ ही व्यापार विहार में सिग्नल के ठीक पास में महीनों से खोदा गया गड्ढा ट्रैफिक को प्रभावित कर रहा है।कई बार ट्रैफिक में फंसे लोग इस खतरनाक गड्डे को देख नहीं पाते हुए दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

### प्रशासन की सद्बुद्धि हेतु यज्ञ, ताकि सड़क बन सके



शुभम विहार में सड़कों की मरम्मत को लेकर यज्ञ किया गया। यहां के निवासी अखिलेश द्विवेदी, सरोज द्विवेदी, शुभम द्विवेदी के निवास पर अखंड रामायण, सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा के उपरांत पंडित दिनेश पांडेय के मार्गदर्शन में हवन यज्ञ संपन्न हुआ। शुभमविहार रामायण मंडली के अखिलानँद पांडेय, ललित अग्रवाल, आर पी मिश्रा, सुरेंद्र दुबे, प्रमोद अवस्थी, भूपेंद्र यादव, प्रमोद तिवारी, आकाश शर्मा, ईश्वर तिवारी सहित अनेको सदस्यों ने लोककल्याण व वैश्विक शांति हेतु आयोजन में अपनी अपनी आहुति देकर प्रार्थना की। इसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव के गड्डेमुक्त सड़क के आव्हान पर नगर प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की गई। जिससे की शिवमंदिर मार्ग में सड़क के नाम पर केवल गढ्ढों को पाटकर चलने योग्य सड़क में परिवर्तित कर सके।

## राशन दुकानों से उगाही पोर्टल पत्रकार पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पीडीएस दुकान में सामान वितरण करने का वीडियो बनाकर 30 हजार रुपए की अवैध वसूली करने वाले कथित पोर्टल पत्रकार के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। उसके खिलाफ शहर के अधिकांश पीडीएस दुकानों के सेल्समेनों के द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्य प्रस्तुत कर अवैध उगाही की शिकायत की गई है।



- वीडियो बनाकर 30 हजार की वसूला

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि मगरपारा निवासी गोविंद नायडू पिता स्व. पापाचंद नायडू मगरपारा पीडीएस दुकान का सेल्समेन है। शासन की योजना के द्वारा हितग्राहियों को उनके राशन कार्ड के अनुसार राशन वितरण करते हैं। श्री नायडू ने पुलिस को बताया कि 5 मई को डंकाराम नामक न्यूज पोर्टल का संचालक कथित पोर्टल पत्रकार दिलीप अग्रवाल ने उनकी दुकान में आकर राशन वितरण करते समय वीडियो बना लिया था। उसी दिन शाम 5 से 6 बजे उनके मोबाइल पर फोन कर उन्हें मैग्नेटो मॉल के पास मिलने बुलाया। उसने अपने द्वारा बनाए गए वीडियो को उन्हें दिखाकर बोला कि आपके द्वारा गतल तरीके से राशन वितरण करते हुए वीडियो बना लिया हूं, जिसे न्यूज पोर्टल डंकाराम के माध्यम से मीडिया में प्रसारित किया जाएगा। अगर आप अपना वीडियो प्रसारण रोकना चाहते हैं तो आपको मुझे 50 हजार रुपए नकद देना पड़ेगा। सेल्स मेन ने। वीडियो प्रसारित नहीं करने का निवेदन किया तो तत्काल 30 हजार रुपए की मांग की गई। उसके बाद 7 मई को श्री नायडू ने एक अन्य सेल्समेन अयोध्या डहरिया के समक्ष रामा मैग्नेटो मॉल के पास दिलीप अग्रवाल के द्वारा भेजे गए व्यक्ति को दिए हैं। उक्त व्यक्ति को देखकर पहचान लेने की बात कही है। कथित पत्रकार के द्वारा धमकाने व पैसे की मांग करने का इलेक्ट्रानिक साक्ष्य पुलिस के समक्ष। पेश किया गया है। पुलिस ने श्री नायडू की रिपोर्ट पर कथित पत्रकार दिलीप अग्रवाल के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शहर के अधिकांश सेल्समेन से वसूली

पीड़ित नायडू के अलावा शहर के पीडीएस दुकान के सेल्समेन अयोध्या डहरिया डीपूपारा, देवेन्द्र गोस्वामी कुदूदण्ड, शरद गुप्ता गोंड़पारा, दीपक भक्तानी जूना बिलासपुर, अनिश कोसले जूना बिलासपुर, भूमि कश्यप पत्रकार कालोनी, रामस्नेही लूनिया अग्रसेन चौक, ऋषि उपाध्याय मगरपारा, खुशी सोनी बंधवापारा सरकण्डा, ऋषभ मेहरा राजकिशोरनगर ने भी कथित पत्रकार दिलीप अग्रवाल पर दुकान का वीडियो बनाकर प्रसारित करने की धमकी देकर भयादोहन नकद रकम की मांग करने का आरोप लगाया है।

### पुलिस का नाम लेकर धमकी

सेल्समेनों ने आरोप लगाया है मांग पूरी नहीं करने पर कथित पत्रकार अग्रवाल उन्हें पुलिस अधिकारियों व थानेदार से अच्छा संबंध बताते हुए कार्रवाई कराने व जेल भिजवाने का धमकी देता था। उसकी उगाही से शहर के सभी पीडीएस दुकान के सेल्समेन परेशान हो गए थे।

### सभी शासकीय विभागों में दखल

कथित पत्रकार दिलीप अग्रवाल का पुलिस अधिकारियों के दफ्तर, थानों के अलावा सभी शासकीय विभाग के कार्यालय में दखल रहता था। विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी जाती थी। नौकरी के डर से शासकीय अधिकारी कर्मचारी रिपोर्ट लिखाने सामने नहीं आ रहे थे। पूर्व में कथित पत्रकार अग्रवाल आए दिन सिरगिट्टी थाने में जाकर पुलिसकर्मियों का काम करते हुए वीडियो बनाता था और विवादित मामलों में टीआई से बाइट मांगता था। कई बार मना करने के बाद भी नहीं मानने पर पूर्व टीआई ने उस पर पिस्टल तानकर थाने में घुसने से मना कर दिया था।

## 54 लाख 67 हजार रुपए गबन प्रभारी सहित दो पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुलिस ने धान खरीदी में 54 लाख 67 हजार 687 रुपए गबन करने वाले खरीदी प्रभारी व आपरेटर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मस्तूरी शाखा के बैंक मैनेजर सुशील पनोरे ने रिपोर्ट लिखाई। खरीफ वर्ष 2024, 25 में धान खरीदी का कार्य धान खरीदी प्रभारी कृष्ण कुमार करियारे पिता रामजी करियारे एवं समिति कम्प्यूटर आपरेटर सुख सागर जांगड़े धान खरीदी केंद्र रिस्दा के द्वारा धान खरीदी कार्य में अनियमितता कर शासन को क्षति पहुंचाई गई है। केंद्र में आनलाइन कम्प्यूटरपत्रक अनुसार कुल धान खरीदी 40879.20 क्विटल पाई गई। मिल एवं संग्रहण केन्द्र में कुल 391154.43 क्विटल धान पाया गया है। शेष धान की मात्रा 1763.77 क्विंटल परिदान पाया गय था। उक्त प्रकरण में संयुक्त जांच दल द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत 1515.77 क्विटल धान कम पाया गया है। मौके पर उपलब्ध कुल धान स्टेक 188.00 क्विंटल एवं फड़ में 60.00 क्विंटल पाया गया है। इस प्रकार से 248 क्विंटल धान पाया गया था। उक्त धान का प्रभारी के द्वारा बेचकर 54 लाख 67 हजार 687 रुपए गबन कर दिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धान खरीदी प्रभारी कृष्ण कुमार करियारे, आपरेटर सुख सागर जांगड़े के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 320, 336, 338, 61 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




### रफ्तार का कहर : 12 मवेशियों की मौत, 5 घायल

# बेलगाम वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/रतनपुर

बीती रात रतनपुर से जीपीएम निमार्णाधीन सड़क पर बेलगाम वाहन के ड्राइवर ने सड़क पर बैठे मवेशियों को बेरहमी से कुचल दिया और फरार हो गया। हादसे में 12 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 5 मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज चल रहा है।

रतनपुर से पेंड्रा जाने वाली एनएच सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। रात में सड़क पर अंधेरा छाया रहता है। 14 जुलाई की रात बारीडीह के पास सड़क पर मवेशी झुंड बनाकर बैठे हुए थे। रात करीब 1 बजे अज्ञात वाहन का ड्राइवर तेज रफ्तार में खतरनाक तरीके से चलाते मवेशियों को बेरहमी से कुचलते हुए भाग निकला। मवेशियों के चीखने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर आए तो सड़क पर मवेशी खून से लथपथ पड़े हुए थे। सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, हादसे में 12 मवेशियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं 5 मवेशी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पशु चिकित्सक के द्वारा घायल मवेशियों का इलाज किया जा रहा है। मृत मवेशियों को पोस्टमार्टम के बाद गांव में दफ़ना दिया गया है। इतना बड़ा हादसा होने के बाद भी एक भी मवेशी मालिक सामने नहीं आया है। श्री चौहान ने बताया, गांव के सरपंच को रिपोर्ट लिखाने के लिए कहा गया है।



रतनपुर से जीपीएम निमार्णाधीन सड़क पर मृत पड़े मवेशी।

### हाईकोर्ट के नाराजगी के बाद भी सड़क में मवेशी

पूर्व में हाईकोर्ट ने सड़क हादसे में मवेशियों की मौत की घटना को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन को सड़क से मवेशियों को हटाने का आदेश दिया था। उसके बाद प्रशासन की टीम सड़कों पर निगरानी रखकर सड़कों से मवेशियों को । कुछ दिनों बाद निगरानी ठप्प हो गई और फिर से शहर के आउटर व शहर के प्रमुख सड़कों पर मवेशियों के झुंड को देखना आमबात हो गई है।

### पूर्व में भी हो चुकी हैं मौतें

पूर्व में सिरगिट्टी सिलपहरी नेशनल हाइवे, मस्तूरी गतौरा मार्ग, सकरी मार्ग में तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से सड़क पर बैठे मवेशियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा शहर के भीतर सड़क पर मवेशियों की छोटे चार पहिया वाहनों के चपेट में आने से मौते हो रही हैं।

### ओपन स्कूल परीक्षा 18 अगस्त से शुरू होगी

**बिलासपुर।** राज्य ओपन स्कूल अगस्त-सितंबर परीक्षा 18 अगस्त से शुरू होगी। इस हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में लगभग 34 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए 10वीं में लगभग 19500 और 12वीं में लगभग 15500 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा की समयसारणी भी जारी कर दी गई है। वहीं केंद्राध्यक्षों को 3 सितंबर तक प्रायोगिक परीक्षा को पूरा कराना होगा। प्रायोगिक परीक्षा की सूचना परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान दी जाएगी। छात्र प्रायोगिक परीक्षा की तिथि और समय की जानकारी अपने परीक्षा केंद्र से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मोदी की गारंटी लागू करने फेडरेशन आज करेगा प्रदर्शन

**बिलासपुर।** मोदी की गारंटी को पूरा करने की मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा द्वारा 16 फरवरी बुधवार को पुरांने कंपोजिट बिल्डिंग में एकत्रित होकर रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। इसके लिए फेडरेशन के साथियों द्वारा जल संसाधन विभाग, वन विभाग, राजस्व मंडल, कमिश्नर कार्यालय ,पुराने एवं नए कंपोजिट बिल्डिंग, लोक निर्माण विभाग, महिला बाल विकास, जीएसटी तथा अरपा पर कार्यालय एवं शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा, चाटीडीह, कुदुदंड, सिंधी कॉलोनी, राजेंद्र नगर आदि स्कूलों में फेडरेशन के पदाधिकारी जी आर चंद्रा, रोहित तिवारी, किशोर शर्मा, सुनील यादव, राजेश पांडेय ,रमेश द्विवेदी, कैलाश गजभिए, अशोक ब्रह्म भट्ट, हेमंत बघेल ,जगदीश चंदेल ,रामकुमार यादव, सुनील कौशिक, ओम त्रिपाठी, मुकेश लिहोरे, राजेश टंडन महेंद्र तिवारी एवं करण सोनी आदि द्वारा संपर्क किया गया। संघ के पदाधिकारी द्वारा ज्ञापन रैली को सफल बनाने के लिए उपस्थित होने की अपील किया गया है ।

### गहोई वैश्य समाज बिलासपुर की कार्यकारिणी की बैठक



**बिलासपुर।** रविवार को गहोई वैश्य समाज बिलासपुर कार्यकारिणी की बैठक महिला मंडल संरक्षिका रीता बरसैंया के निवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष डॉ आर के गंधी ने की। बैठक में गणेश प्रसाद बरसैंया, रमेश सेठ, रमेश बाबू सिपोलिया, रामदेवी बरसैंया, उपाध्यक्ष अनिल बरसैंया, सचिव शरद कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष हरि किशोर नौगरइया, सह-कोषाध्यक्ष कुलदीप कनकने, सांस्कृतिक सचिव डॉ मनीष कुमार रेजा, महिला मंडल अध्यक्ष सुलेखा बरसैंया, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंकित सेठ , राजकुमार बरसैंया, अजय बरसैंया, आभा बरसैंया, सुनील बरसैंया, श्याम सेठ उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि समाज के रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण (धारा 27, 28) में अनुमानित खर्च रु. 68500 के व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाए। गुप्त जयंती पर 3 अगस्त को माल्यार्पण कार्यक्रम सुबह 9 बजे रखने। माल्यार्पण कार्यक्रम में पार्षद कार्तिक राम यादव को आमंत्रित करने, रमेश सेठ ने गीता भवन उपलब्ध कराने स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम में कैटरिंग, साउंड सिस्टम इत्यादि के लिए श्री श्याम सेठ को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम के अतिथियों में विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, डॉ. नीरज अग्रवाल नंदिनी को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

### कश्यप कुशवाहा काछी समाज ने किया पौधरोपण, लिया सुरक्षा का संकल्प



**बिलासपुर।** कश्यप कुशवाहा (काछी) समाज द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम सहदेव कश्यप डेरी फार्म मंगला में 15 जुलाई, को किया गया। जिसमें समाज के अध्यक्ष सहदेव कश्यप एवं सामाजिक सदस्य राम प्रताप कश्यप, मोहन कश्यप, शिवदयाल कश्यप, शरद कश्यप , आशीष कश्यप, हिमांशु कश्यप, मनीष कश्यप ,सौरभ कश्यप, अनुज कश्यप, दीपक कश्यप, निखिल कश्यप , प्रवीण कश्यप एवं वार्ड पार्षद रमेश पटेल मौजूद थे। उपस्थित सभी सदस्यों का श्री कश्यप ने हृदय से धन्यवाद दिया और आगे भी सामाजिक कार्य करने की बात कही ।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर दराज से आए सैकड़ों ग्रामीणों की निजी और सामुदायिक समस्याएं इत्मीनान से सुनी और अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन में आए किसानों से चर्चा कर खेती-किसानी के ताजा हालात और खाद-बीज की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल एवं एडीएम शिवकुमार बनर्जी ने भी लोगों की समस्याएं सुनी। साप्ताहिक जनदर्शन में सकरी तहसील के ग्राम देवरीकला के ग्रामीणों ने सरपंच पति के विरूद्ध राशन दुकान संचालन में मनमानी की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच रूपमणी सूर्यवंशी के पति शत्रुहन सूर्यवंशी द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन मनमाने तरीके से किया जा रहा है। वे राशन देने के लिए ग्रामीणों को अंगूठा लगाने घर आने बोलते हैं और यदि कोई नहीं आता है तो उसे राशन नहीं दिया जाता है। बिना किसी मुनादी के राशन का वितरण किया जाता है और वितरण के समय राशन 200-300 ग्राम कम दिया जाता है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खाद्य नियंत्रक को जांच के निर्देश दिए है। नगर पंचायत मल्हार की अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त ने नगर पंचायत मल्हार में स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिजली बिल आने की शिकायत की। इस मामले को विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता देखेंगे।

### पालना कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति 23 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 में संचालित पालना केंद्र के लिए पालना कार्यकर्ता एवं पालना सहायिका की नियुक्ति करने प्राप्त आवेदन पत्रों का मूल्यांकन कर लिया गया है। मूल्यांकन पश्चात अंतिम मूल्यांकन पत्रक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय तखतपुर, नगर पालिका परिषद् तखतपुर, पालना केन्द्र क्रमांक 2 तखतपुर में चस्पा किया जा चुका है। इस संबंध में 23 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय तखतपुर में दावा-आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

---

**एयरपोर्ट पर सरकारी ढर्रा** | 2016 से अबतक 70 करोड़ खर्च कर चुकी है प्रशासन

# 2 साल से नई स्वीकृति नहीं, साल 2021 में मिले फंड से हो रहा अब काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट को विकसित करने के लिए सरकारी ढर्रा सबसे बड़ा अभिशाप बन चुका है। 2 साल से एविएशन डिपार्टमेंट ने एक भी स्वीकृति नहीं दी है।

वहीं साल 2021 मे मिले फंड से 5 साल बाद नाइट लैंडिंग और टर्मिनल बिल्डिंग एक्सटेंशन से संबंधित निर्माण कार्य जारी है। एयरपोर्ट में महज 72 सीटर विमान उतरने की सुविधा है, ऐसे में क्षेत्र के यात्रियों को बोइंग जैसे बड़े विमानों में बैठने का सपना अधूरा है। बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में साल 2016 से अबतक 70 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके है। एयरपोर्ट निर्माण में तेजी साल 2018 के बाद ही आई, और 2021 में एयरपोर्ट से पहली व्यवसायिक उड़ान शुरू हो सकी, लेकिन इसके बाद से एयरपोर्ट का विकास लगातार पिछड़ता रहा।

- जमीन मिलने पर रनवे और टर्मिनल बिल्डिंग का होगा विस्तार

बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट से संबंधित फाइल 5 विभागों में घुमकर फंस रही है, जिला प्रशासन, एविएशन, फाइनेंस, और निर्माण एजेंसियों के बीच झुलते फाइलों के कारण ही 2 साल से नई स्वीकृति नहीं मिल सकी है। यही उन्नयन में सबसे बड़ा रोड़ा साबित हो रही है। सरकारी ढर्र के कारण ही अबतक 2021 से फंड स्वीकृत होने के बाद भी नाइट लैंडिंग की सुविधा नहीं मिल सकी है। हर बार करोड़ों रूपए खर्च कर सालों पुराने टर्मिनल बिल्डिंग को ही रिनोवेट किया जाता रहा है।

2 सी एयरपोर्ट से शुरू हुआ सफर 6 सालों में 4 सी एयरपोर्ट तक नहीं पहुंच सका है। अभी भी बिलासा एयरपोर्ट 3 सी आईएफआर तक सीमित है, जबकि शुरूआत में ही 4सी एयरपोर्ट के लिए 200 करोड़ का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी और एयरपोर्ट प्रशासन ने भेजा था, जिसकी स्वीकृति अबतक नहीं नहीं मिल सकी है। वहीं इस बीच अबतक 70 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके है, साल 2021 में स्वीकृत किए गए 24 करोड़ रूपए से वर्तमान में निर्माण कार्य चल रहा है।



#### आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में अलग कंपनी

आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में राज्य सरकार ने अलग कंपनी मौजूद है। पृथक कंपनी को तकनीकी दक्षता के साथ निर्माण कार्य को अंजाम दिया जाता है। कंपनी के बोर्ड आफ डायरेक्टर में सिविल एविएशन, पीडब्ल्यूडी, प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय से एयरपोर्ट संचालित किया जाता है। ज्ञात हो कि शिर्डी शहर में बना एयरपोर्ट,नागपुर एयरपोर्ट, महाराष्ट्र की कंपनी ने तैयार किया है। इसी तरह आंध्र प्रदेश में भी विकसित किए जा रहे नए एयरपोर्ट को राज्य की सरकारी कंपनी संचालित कर रही है।

#### जमीन का मामला भी अटका

राज्य सरकार ने साल 2023 में रक्षा मंत्रालय को 93 करोड़ रूपए स्वीकृत कर जमीन वापसी की पहल की, लेकिन अधिकारियों की कालगुजारियों के चलते यह भी मामला अटक गया। दरअसल रक्षा मंत्रालय ने चेक भुनाया ही नहीं और प्रस्ताव वापस कर दिया। इससे रनवे को बढ़ाने की योजना धरी की धरी रह गई। जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्रालय ने 290 एकड़ जमीन देने के लिए हामी भरी है, इसके लिए 71 करोड़ रूपए की मांग भी की गई है लेकिन सरकार ने इसे भी अटका दिया है।

---

कलेक्टर और एसपी ने किया उद्घाटन, पुलिस नियंत्रण कक्ष और सुदृढ़ होगा

# नए कंट्रोल रूम और डायल 112 कार्यालय का उद्घाटन



तारबाहर थाना परिसर में निर्मित आईटीएमएस बिल्डिंग में नए पुलिस नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस नियंत्रण कक्ष बिलासपुर की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं कार्यदक्ष करने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नया कंट्रोल रूम एवं डायल 112 कार्यालय का उद्घाटन किया । 14 जुलाई को एसपी रजनेश सिंह एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा थाना सिविल लाइन परिसर स्थित पुलिस नियंत्रण कक्ष एवं डायल 112 कार्यालय का स्मार्ट सिटी के अंतर्गत थाना तारबाहर परिसर में निर्मित आईटीएमएस बिल्डिंग में स्थापित कर उद्घाटन किया गया है। आईटीएमएस बिल्डिंग में पुलिस नियंत्रण कक्ष की स्थापना का उददेश्य एक ही भवन आई.टी.एम.एस., पुलिस नियंत्रण कक्ष एवं डायल-112 के आपसी समन्वय से किसी भी घटना आदि की सूचना पर त्वरित रूप से कार्रवाई की जा सकेगी। इस व्यवस्था से पुलिस नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं कार्यदक्ष होगी ।

पुलिस नियंत्रण कक्ष में निरंतर पुलिस का बल ड्यूटीरत होगा, जो किसी भी समय किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करेंगे। उद्घाटन अवसर पर राजेन्द्र जायसवाल, अति.पुलिस अधीक्षक शहर, अर्चना झा, अति.पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीसीयू, रामगोपाल करियारे अति.पुलिस अधीक्षक यातायात, निमितेश सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक, सिविल लाइन एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## तोखन मिले शेखावत से



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर को केन्द्र की प्रसाद योजना में शामिल करने के लिए आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र शेखावत से दिल्ली में मुलाकात की।

- महामाया मंदिर को विकास योजना में शामिल करने पर हुई चर्चा

इस दौरान मंत्री श्री साहू ने एक अनुरोध पत्र भी सौंपा। श्री साहू ने केन्द्रीय मंत्री को महामाया मंदिर की धार्मिक, सांस्कृतिक महत्ता और तीर्थ यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या के बारे में बताया और मंदिर परिसर के समग्र विकास की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आवश्यक विभागीय कार्रवाई का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014-15 में चिह्नित तीर्थ स्थलों के समग्र विकास के उद्देश्य से 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन पर राष्ट्रीय मिशन (प्रसाद) योजना शुरू की गई है। योजना के तहत विकास के लिए कई धार्मिक शहरों/ स्थलों की पहचान की गई है।

इस योजना के तहत चिह्नित परियोजनाओं को संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकार द्वारा चिह्नित एजेंसियों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा।

## सिम्स में 65 वर्षीय महिला के जोड़ों का डॉक्टरों ने किया प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में घुटना और कूल्हे के जोड़ों का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया जा रहा है जो मरीज़ों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

गंभीर बीमारी से ग्रसित 65 वर्षीय महिला घुटनों के दर्द से परेशानी हो रही थी, सिम्स के डाक्टरों ने कुल्हे और घुटने की सर्जरी कर उन्हें फिर से सामान्य जीवन जीने में मदद दिलाई है। सिम्स के डाक्टर तरूण सिंह ठाकुर द्वारा ओपीडी में मरीज की जांच की गई। एक्स-रे में मरीज का दांए घुटने के खराब हो जाने की जानकारी मिली, डाक्टर ने घुटना प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। प्रत्यारोपण के लिए डॉ एआर बेन से सलाह ली गई। मरीज के घुटने की 29 जून को ऑपरेशन किया गया। खास बात यह है मरीज अनियंत्रित शुगर एवं हाई बीपी से पीड़ित है, आपरेशन में कई दिक्कतें आई लेकिन आपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ्य है। दर्द मुक्त जीवन जी रही है और चलने फिरने में सक्षम हो चुकी है।ऑपरेशन टीम में एचओडी डॉ एआर बेन , डॉ तरूण सिंह ठाकुर, डॉ रवि महोबिया, डॉ सोमेश शुक्ला, डॉ सागर कुमार और पीजी रेसिडेंट शामिल थे। एनेस्थिसिया टीम में डॉ मधुमिता मूर्ति (विभागाध्यक्ष), डॉ मिल्टन, डॉ श्वेता, डॉ भावना और टीम शामिल थे। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि दो सालों में 27 कूल्हे और 20 घुटना प्रत्यारोपण किया गया है।

## सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ की बैठक में लिया गया निर्णय



**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ की एस ई सी एल जोनल कार्य समिति की बैठक 15 जुलाई को आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जोनल अध्यक्ष रामोत्तर अंबलकर ने की। कार्यक्रम का संचालन जोनल महामंत्री बुद्धिसागर शाही ने किया।

बैठक में इन विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। इसमें मेडिकल बिल का भुगतानः सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ के कामगारों का मेडिकल बिल कोल इंडिया के गाइडलाइन के अनुसार 45 दिनों में भुगतान नहीं किया जा रहा है, जो कि छह महीने से पेंडिंग है। पेंशन रिवीजनः सेवानिवृत्त हुए कामगारों (जुलाई 2021 से मार्च 2024) तक सेवानिवृत्त कामगारों नया पेंशन रिवीजन नहीं हुआ है, जिससे सेवानिवृत्त कामगारों में रोष है। मेडिकल बिल की जानकारीः सेवानिवृत्त कामगारों का मेडिकल बिल की पूरी जानकारी प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। रुकने की व्यवस्थाः सेवानिवृत्त कामगारों के लिए बिलासपुर में रुकने की व्यवस्था प्रबंधन द्वारा नहीं की जा रही है, जो एक महत्त्वपूर्ण मांग है। दवाई की उपलब्धताः सेवानिवृत्त कामगारों के लिए उनके क्षेत्र में स्थित अस्पताल/डिस्पेंसरी में ज्यादा से ज्यादा दवाई उपलब्ध कराई जाए। इन बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद, कार्य समिति ने प्रबंधन से पत्राचार करने और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रस्ताव पारित की गई । सेवानिवृत्त कामगारों की समस्याओं का समाधान करने के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव शंकर कुंडू राष्टीय समिति सदस्य भक्तिमोय चौधरी, जोनल अध्यक्ष रामोत्तर अंबलकर, महामंत्री बुद्धिसागर शाही आदि मौजूद थे।

## 19 को राष्ट्रचिंतन कार्यक्रम में शामिल होंगे कुलश्रेष्ठ

**बिलासपुर।** बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में 19 जुलाई को आयोजित राष्ट्रचिन्तन विश्वगुरू भारत 2047-हमारा दायित्व कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ होंगे। जिसकी तैयारी में बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित समस्त सराफा सदस्य कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जोर-शोर से लगे हैं।



- 18 जुलाई को होगा आगमन, यश पैलेस में होगा कार्यक्रम

कार्यक्रम को अविस्मणीय बनाने के लिए बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के साथ सचिव अजय सराफ, कोषाध्यक्ष राजेश साह, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय एवं साथ ही साथ एसोसिएशन के अन्य सदस्य राजेश सोनी, जितेन्द्र सोनी, नवनाथ आवले, सूरज सोनी, सजन सोनी, प्रकाश सोनी तथा वरिष्ठजन छेदीलाल सराफ, भीम सराफ, महेन्द्र शाह, किशन सोनी एवं समस्त सदस्य तथा सह आयोजक छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन, स्वावलम्बी भारत अभियान, वन्दे मातरम् मित्र मण्डल, श्री राम रसोई, मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज एवं स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यगण भी जोर-शोर से कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं। श्री सोनी ने बताया कि बताया कि यह कार्यक्रम 18 जुलाई को होगा। शाम 5 बजे उनका स्वागत समारोह रामावर्ल्ड के पास किया जाएगा। नगर प्रवेश शाम 5. 30 बजे सदर बाजार स्थित श्री श्याम सदर सराफा कॉम्प्लेक्स में पुनः भव्य स्वागत एवं गीता प्रेस गोरखपुर दुकान का शुभारंभ तथा प्रेसवार्ता होगी। इसी तरह 19 जुलाई को शनिवार को कुलश्रेष्ठ की यश पैलेस में प्रबुध्दजनों से मेल-मुलाकात, राष्ट्रचिन्तन कार्यक्रम शाम 5 बजे से यश पैलेस में होगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा तैयारी के लिए सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि आयोजन को लेकर सदस्यों में काफी उत्साह है।

---

31 को होगा अधिवेशन, शामिल होंगे मंत्री, विधायक और सांसद

# शहर में होने वाले पिछड़ा वर्ग अधिवेशन को लेकर भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




बिलासपुर में में होने वाले पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अधिवेशन को लेकर आज जिला भाजपा कार्यालय में संभाग स्तरीय बैठक बुलाई गई। जिसमें 31 जुलाई को होने वाले इस अधिवेशन के संदर्भ में बिलासपुर संभाग अंतर्गत आने वाले मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों मिलकर इसे भव्य रूप देने की दिशा में रणनीति बनाई। इसके लिए बाकायदा संभाग में संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्ति कर सभी जिलों में बैठक लेने की योजना बनी है।

सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित बिलासपुर संभाग के सभी मंत्री विधायक और सांसदों के शामिल होने की चर्चा है। जिला मुख्यालय में चली इस बैठक में जुलाई माह में होने वाले अधिवेशन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि पिछड़ा वर्ग सम्मलेन में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद और बीजेपी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ के लक्ष्मण सहित केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू डिप्टी सीएम अरुण साव छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री ओ पी चौधरी,लखन देवांगन संभाग के सभी विधायक और सांसद भाग लेंगे सम्मेलन में लगभग पांच हजार लोगों के आने की संभावना है। बिलासपुर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार कौशिक ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन संभाग सह संयोजक दिलेन्द्र कौशिल एवं आभार संभाग संयोजक रितु चौरसिया ने किया ।इस अवसर पर मोर्च के प्रदेश महामंत्री खिलावन साहू बिलासपुर जिला अध्यक्ष शहर दीपक सिंह ठाकुर ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जायसवाल राजेंद्र नायक भूपेंद्र सेन तामेश्वर साहू कृष्ण कुमार कौशिक, दिलेन्द्र कौशिल, राजेश यादव अनिरुद्ध चंद्र ,होरीलाल , सिन्हा श्यामलाल साहू, विजय डटसेना, राजेंद्र साहू ,नरोत्तम श्रीवास, धर्मेंद्र चंद्राकर, संतोष वर्मा, आशीष गुप्ता ,दीपक जायसवाल ,डॉक्टर उदय जायसवाल ,प्रहलाद जायसवाल, कवि शरण वर्मा ,मोहन यादव, नरेंद्र कुमार साहू ,सीताराम साहू, लाल जी यादव ,दुर्गेश कुमार यादव ,राजेंद्र नायक, के के देवांगन, तामेश्वर साहू ,राजेश यादव, इंद्र कुमार कछावा ,यदुरम साहू ,बृजेश साहू ,प्रदीप साहू अरुण कातोरे ,मनोरंजन साहू, सपन विरले ,राकेश चंद्राकर कार्यालय मंत्री,धर्मेंद चंद्राकर जिला बिलासपुर सहित संभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बिजनेस प्लस

## श्री अभिवाद्य रेस्टोरेंट ने बनाई खास पहचान

**बिलासपुर।** शहर में श्री अभिवाद्य रेस्टोरेंट ने अपनी खास पहचान बनाई है। यह रेस्टोरेंट न केवल एक स्वादिष्ट वेज फूड डेस्टिनेशन है, बल्कि ग्रुप पार्टीज आदि के आयोजनों के लिए एक चुनिंदा स्थल भी बन चुका है।

इंदु इंपीरियल, न्यू हाई कोर्ट के पीछे स्थित यह रेस्टोरेंट अपने बेहतरीन इंटीरियर, ग्रीन एक्सटीरियर और आधुनिक सुविधाओं के साथ बिलासपुर को मेट्रो सिटी जैसा अनुभव दे रहा है। इंडियन, तंदूरी, चाइनीज और मॉकटेल जैसे विविध व्यंजनों की उपलब्धता इसे हर वर्ग के लिए आकर्षक बनाती है। शहर में बढ़ती आयोजनों की मांग को देखते हुए श्री अभिवाद्य रेस्टोरेंट ने बर्थडे, सेमिनार और किटी पार्टी, सावन उत्सव जैसे कार्यक्रमों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध कराए हैं। यहां का बजट फ्रेंडली बुफे पैकेज और तकनीकी सुविधाएं जैसे साउंड सिस्टम, टीवी और कराओ के



सेटअप आयोजनों को और भी जायदा आकर्षक बनाते हैं। साथ ही यहां द्वारका इन होटल में सर्व सुविधा युक्त ऐसी रूम्स, शादी के लिए एक बड़ा गार्डन स्पेस भी उपलब्ध हैं, जिसमें आसानी से लगभग डेढ़ से दो हजार मेहमानों के लिए रिसेप्शन की व्यवस्था की जा सकती है। साथ ही यहां क्रिकेट और फुटबॉल के लिए टर्फ नेट की व्यवस्था भी की जा रही है। फिलहाल रेस्टोरेंट में हैप्पी मानसून ऑफर के तहत रेस्टोरेंट बिल्स पर फ्लैट 20 % डिस्काउंट दिया जा रहा है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




प्रस्तुति

## कला मंजरी के बच्चों ने किया घुंघरू पूजन



**बिलासपुर।** श्री कला मंजरी कथक संस्थान सरकंडा में सीएमडी चौक स्थित आईएमए भवन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरुपद का पूजन किया गया। कथक की शिक्षा लेने वाले शिष्यों ने घुंघरू पूजन किया। साथ ही फैंसी ड्रेस और कथक की प्रस्तुति हुई। जिसमें संस्थान के छात्रों के अलावा केतन और अपूर्व सिंह ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संस्थान के सचिव व कथक सम्राट पं. बिरजू महाराज के शिष्य रितेश शर्मा, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, शीला शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिष्य एवं अभिभावक उपस्थित थे।

आयोजन

## शहर की बेटियां ओडिशा में देंगी कथक की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** नृत्यधारा डांस अकादमी की निर्देशिका आंचल पांडेय सहित अन्य छात्राएं ओडिशा में कथक की प्रस्तुति देंगी। आंचल एक अंतरराष्ट्रीय कथक एवं ओडिसी नृत्यांगना है। जिन्होंने अपनी कला की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ सहित मलेशिया, सिंगापुर, जापान, कोरिया, अफ्रीका, अरब, दुबई में दे चुकी हैं। रबिन्द्र मंडप भुवनेश्वर ओडिशा में 39 वीं श्रद्धांजलि समारोह आयोजित होने वाला है। जिसमें बिलासपुर सहित देश-विदेश से लगभग 1000 से ज्यादा कलाकार 2 दिनों में अपनी-अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। नृत्य धारा की छात्राएं महोत्सव में समूह कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगी। जिसमें शिव वंदना के साथ शुद्ध कथक एवं राम भजन की प्रस्तुति शामिल रहेगी । यहां की प्रतिभागी कलाकारों में आंचल पांडेय, श्रुति देवांगन, रुचि देवांगन, अनन्या साओ, उदिति कौशिक, आरोही राठौर, स्वस्तिका दुबे, नीमरित पात्रा आदि शामिल हैं।

सम्मेलन

## गाडगे के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज को बनाएं सशक्त



**बिलासपुर।** युवा गाडगे सेना के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक के मुख्य आतिथ्य में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि संत गाडगे महाराज के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज को सशक्त, संगठित और जागरूक बनाना है। बैठक का मुख्य उद्देश्य 20 जुलाई को बिलासपुर स्थित सिम्स ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा गाडगे सम्मेलन की रूपरेखा तैयार करना था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। सभी ने समाज की उन्नति, एकता और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया है।

स्पोर्ट्स

## फुटबाल के दोनों वर्ग में विजेता बनी कोटा की टीम



**बिलासपुर।** प्रथम सोपान एवं प्रथम संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल कप अंडर 15, अंडर 17 वर्ष बालक एवं 17 वर्ष बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन खेल परिसर सरकंडा में किया गया, जिसमें दोनों बालक वर्गो की प्रतियोगिता में कोटा की टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता में आठ जिले जांजगीर, कोरबा, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़, मुंगेली, मेजबान बिलासपुर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि शिक्षा संभाग के सहायक संचालक जीडी गर्ग, सहायक क्रीड़ा अधिकारी साजिद खान, प्यारेलाल पांडे, केआर टंडन थे। पहला मैच बिलासपुर और जांजगीर टीम के बीच हुआ। बिलासपुर के तीनों वर्ग की टीम फाइनल में पहुंची। इस दौरान अंडर 17 बालक और अंडर 15 बालक वर्ग में कोटा टीम विजेता रही। बालका अंडर 17 वर्ष में कोरबा ट्राई ब्रेकर से बिलासपुर ने मैच जीता। प्रतियोगिता में विजेता बनी टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जगदलपुर जाएगी।

# संकष्टी चतुर्थी पर गणेश मंदिरों में विशेष पूजा, अभिषेक

संकष्टी चतुर्थी पर शहर के गणेश मंदिरों में विशेष पूजा, अभिषेक किया गया। राममंदिर तिलक नगर में कुल 655 भक्तों ने अभिषेक कराया। भगवान का श्रृंगार मंदिर समिति की ओर से करवाया गया। आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 12 अगस्त मंगलवार को होगा।



राममंदिर तिलक नगर में 655 भक्तों ने कराया अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संकष्टी चतुर्थी का अभिषेक, पूजन आचार्य मधुसुदन अड़वे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, गजानन पेंढारकर, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। अंत में सभी भक्तों को चने का प्रसाद दिया गया। जिन भक्तों ने अभिषेक हेतु रसीद कटवाए थे, उनके लिए प्रसाद व्यवस्था पूर्ववत रही। लघु रूद्राभिषेक 28 जुलाई सोमवार को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। अभिषेक कराने के इच्छुक व्यक्ति या स्वतः करना चाहते हैं तो अपना नाम एवं गोत्र कार्यालय में नोट करा लें। अभिषेक करने वाले भक्त चाहे तो अपने साथ दूध एवं बेलपत्र ला सकते हैं।

वहीं सामूहिक सत्यनारायण पूजा 3 अगस्त रविवार को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। सत्यनारायण पूजा में पति-पत्नी जोड़ें में बैठ सकते हैं या पुरुष, महिला अकेले भी बैठ सकते हैं। पूजा कार्यक्रम में श्रीराम मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद काले, सचिव संजीव बाटवे सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

### भगवान गणेश को समर्पित

संकष्टी चतुर्थी का दिन भगवान गणेश को समर्पित होता है। यह आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि रही। इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। लंबे समय से अटके काम भी बनने लगते हैं। गणेशजी बुद्धि के देवता है, इसलिए यह दिन छात्रों के लिए और भी खास है। यदि संकष्टी चतुर्थी के शुभ अवसर पर गजानन को मोदक का भोग व कुछ फूल अर्पित किए जाएं, तो शिक्षा संबंधी सभी समस्याएं समाप्त होने लगती हैं।

### पूजा से आती है समृद्धि

संकट से उबारने वाले गौरी पुत्र गजानन की पूजा हर माह की संकष्टी और विनायक चतुर्थी पर विशेष मानी जाती है। मान्यता है कि गणेश भगवान की पूजा से समृद्धि, बुद्धि, ज्ञान, और सफलता प्राप्त होती है। साथ ही यह नकारात्मक शक्तियों से भी रक्षा करते हैं। भाद्रपद की गणेश चतुर्थी के अलावा सावन माह की संकष्टी चतुर्थी भी बप्पा की आराधना के लिए खास है।

### सनातन धर्म में है बड़ा महत्व

सनातन धर्म में संकष्टी चतुर्थी का बहुत ज्यादा महत्व है। यह व्रत भगवान गणेश की पूजा के लिए समर्पित है। यह दिन भगवान गणेश की कृपा पाने, बाधाओं को दूर करने और मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए बहुत शुभ माना जाता है। यह व्रत हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस व्रत को रखने वालों ने संकष्टी चतुर्थी कथा का पाठ कर चंद्रमा को अर्घ्य दिया। माना जाता है कि ऐसा करने से व्रत का पूरा लाभ मिलता है।

**इसलिए लिया गजानन स्वरूप :** पौराणिक कथा के अनुसार लोभासुर नामक दैत्य के पापकर्मों के कारण पृथ्वी लोक पर हाहाकार मचने लगा था। देवताओं ने उसके आतंक से छूटकारा पाने गणेशजी की आराधना की और भगवान गणेश गजानन रूप में प्रकट हुए थे। भगवान गजानन ने लोभासुर को परास्त कर भू-लोक को उसकी प्रताड़नाओं से मुक्त किया था।

## पाण्डेय ने किया जीवन के संस्मरणों को साझा



हर घर सुंदर कांड के स्वप्न दृष्टा शुभम विहार मानस मंडली के संरक्षक सत्यनारायण पांडेय के 89 वें वसंत में प्रवेश करने पर ललित अग्रवाल ने उन्हें राजस्थानी पगड़ी, मोतियों की माला, राधे-राधे का दुप्पटा व युगाब्द 5127 की दैनंदिनी भेंट करते हुए उनके शतायु होने की कामना की। इस दौरान सत्यनारायण पांडेय ने अपने जीवन के विविध संस्मरणों को साझा किया। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिकों में एमएल बरसैया, आरपी मिश्रा, तोप सिंह तोमर, अनिल तिवारी, पाटीदार समाज के अध्यक्ष हरिभाई पटेल, जेपी हाईट्स विकास समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, शुभम विहार कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिलानंद पांडेय, हृदयानन्द, कृष्णा नंद, श्रद्धानंद, बीके पांडेय, हरि पटेल, ईश्वर लाल पलेरिया, श्री पारीक, रामलखन शर्मा, गणेश राम यादव, अमजद बेग, एके दुबे, रवि चारी, प्रमोद तिवारी सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

## मां गायत्री की पूजा, श्रृंगार

गायत्री प्रज्ञापीठ चांटीडीह में संकष्टी चतुर्थी के दिन मां गायत्री की विशेष पूजन कर श्रृंगार किया गया। पूजा के बाद अनेक श्रद्धालु भक्तों ने माता का दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। यह जानकारी प्रज्ञापीठ के व्यवस्थापक लखन सिंह राजपूत ने दी।



## दक्षिणमुखी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ

विश्व हिन्दू परिषद केशव नगर प्रखण्ड के तत्वावधान में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर अमर जवान शहीद चौक में श्रद्धा-भक्ति के साथ 100 वां हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसमें नगर व आसपास क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु सपरिवार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक चालीसा पाठ से हुआ। भव्य मंगल आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। वातावरण जय श्रीराम, जय बजरंगबली के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आयोजन की विशेष बात यह है कि यह चालीसा पाठ विगत 100 सप्ताहों से प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से हो रहा है। जिसमें श्रद्धालुजन निरंतर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद यह भक्ति यात्रा निरंतर चल रही है और आज अपने सौवें सप्ताह में प्रवेश कर एक प्रेरणादायी मिसाल बन गई। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों, नागरिकों एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक प्रयास, समर्पण और श्रद्धा की विजय बताया तथा भविष्य में भी इसी भक्ति परंपरा को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विहिप से संदीप गुप्ता, एस के शर्मा, आशीष गोयल सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।



# रंगीन चित्रों, कतरनों, रचनात्मक विचारों से बच्चों ने बनाए कोलाज

**दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर की प्री-प्राइमरी विंग में कोलाज एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी, एलजी, यूकेजी के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं विभिन्न रंगीन चित्रों, कतरनों और रचनात्मक विचारों की मदद से सुंदर कोलाज बनाए।**



डीपीएस बिलासपुर की प्री-प्राइमरी विंग में आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक और कल्पना शक्ति को बढ़ावा देना रहा। शिक्षिकाओं ने भी छात्रों के कार्य की सराहना की और उनको प्रोत्साहित किया। यह गतिविधि सभी के लिए ज्ञानवर्धक और मनोरंजक रही। इस गतिविधि के निर्णायकों में पूर्णिमा भट्टाचार्य एवं कंकणा सिंह शामिल थे।

निर्णायकों की निर्णयानुसार नर्सरी में गुरबानी कौर गुंबर अवनी सिंह, अनाबिया फातिमा, अदृति सिंह, अव्यान बत्रा, शुभांशी सूर्यवंशी, निष्का मेश्राम अनाहिता बक्शी, एलकेजी में कियारा जुनेजा, ईरा सिंह भदोरिया, समीक्षा सिंह, भक्ति अग्रवाल, अवध मिश्रा, राध्या यादव, सान्वी वर्मा, दृष्टि कश्यप, यूकेजी में शेख आकिब, पृषा डांगी, पौर्वी सोनी, मीयांश साहू, वैष्णवी यादव, अमायरा खान, सिद्धि वर्मा, अनिका सिंह राजपूत विजेता रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आर.सी मोहंती ने इस गतिविधि को सराहनीय बताया। साथ ही बताया कि हमारे विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन प्रत्येक माह किया जाता है, जो बच्चों के विकास व मनोरंजन में सहायक है।



## लायंस क्लब गोल्ड का शपथ ग्रहण

**लायंस क्लब बिलासपुर गोल्ड के 2025-2026 के कार्यकाल का शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शहर की महापौर पूजा विधानी थी। शपथ अधिकारी रीजन चेयरपर्सन दिनेश अग्रवाल थे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गेस्ट ऑफ ऑनर पी डी जी प्रीतिपाल बाली एवं विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन इंदिरा त्रिपाठी थी। साथ ही जोन चेयरपर्सन जी एल जैन एवं एकता मलिक की भी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में एक नए सदस्य को भी शपथ दिलाई गई। इसमें क्लब से निवर्तमान अध्यक्ष रीता बरसैंया, निर्वाचित अध्यक्ष प्रियंका जैन, सचिव चुन्नी मोर्या, कोषाध्यक्ष बिन्नी गम्भीर, जगदीश सलूजा, नीरज अग्रवाल, चंदा बंसल, फरहीन चिश्ती, संगीता बरसैंया, बलजीत अजमानी, डा. गीतिका शर्मा की उपस्थिति रही।

5 हजार 843 आबंटित सीटों पर केवल 3 हजार 422 एडमिशन

# इंजीनियरिंग में पहले राउंड के एडमिशन के बाद पचास फीसदी सीटें खाली

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों में बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक में एडमिशन का पहला राउंड समाप्त हो गया है। पहले राउंड के काउंसिलिंग पश्चात पचास फीसदी सीटें खाली रह गई है। तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा पहले राउंड में 5 हजार 843 सीटों का आबंटन किया गया है, जिसमें केवल 3 हजार 422 सीटों पर एडमिशन हो पाया है।





शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए इंजीनियरिंग पाठयक्रमों में एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है और पहले राउंड की काउंसिलिंग पूरी हो चुकी है। बीटेक की काउंसिलिंग तहत पहले राउंड के एडमिशन लिए 23 जून से 27 जून तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ, जिसमें 6 हजार 695 स्टूडेंटस ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसके बाद 29 जून को मेरिट लिस्ट जारी हुई और 30 जून को पहले राउंड के लिए सीट आबंटन किया गया। पहले राउंड के लिए तकनीकी शिक्षा संचालनालय की ओर से 5 हजार 843 सीटों का आबंटन किया गया था। इनमें जिन्हें सीट आबंटित हुई थी, उन्हें 6 जुलाई तक इंजीनियरिंग कालेजों में एडमिशन दिया गया। पहले राउंड में 5 हजार 843 सीटों में से केवल 3 हजार 422 सीटों पर एडमिशन हो पाया है, जबकि पचास फीसदी सीटें पहले राउंड में ही खाली रह गई है।

### सेकेंड राउंड के सीट एलाटमेंट आज

इंजीनियरिंग की सेकेंड राउंड काउंसिलिंग 8 जुलाई से शुरू होगी और 11 जुलाई तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। सेकंड राउंड के लिए 13 जुलाई को मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी, जिसपर एक दिन 14 जुलाई को दावा आपत्ति के लिए समय दिया जाएगा। इसके बाद 16 जुलाई को सेकेंड राउंड के तहत सीटों का आबंटन होगा, जिस पर 17 जुलाई से 20 जुलाई तक एडमिशन दिया जाएगा। सेकेंड राउंड के बाद भी सीट रिक्त रहने की स्थिति में थर्ड राउंड की काउंसिलिंग की होगी, जिसके लिए 22 जुलाई से 25 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन, 27 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी और 28 जुलाई को दावा आपत्ति के पश्चात 30 जुलाई को सीटों का आबंटन होगा तथा 31 जुलाई से 3 अगस्त तक एडमिशन दिया जाएगा।

## टीवी मसाला



# जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोज़ाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी ज़िंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।


## इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ



इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।

## कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो



**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज





**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

# नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ





**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्षमता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

## पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

# ओम नम: शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी

धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी ज़ूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम


धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

## ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में



तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने लिखा कि यह एक एड फिल्म का शूटिंग वीडियो है। मगर इस वीडियो पर कुछ यूजर्स ने ऋतिक और तृप्ति की जोड़ी को पसंद किया है।

---

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

अति. तह./वा./20....
बिलासपुर, दिनांक 11/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तालापारा प.ह.नं. 39 बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका के.व्ही. सेन्डे पिता/पति व्ही.व्ही. सेन्डे ग्राम अज्ञेयनगर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर प.ह.नं. 39 मौजा तालापारा स्थित भूमि ख.नं. 102 रकबा 748 हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय में छ.गं. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत नामांतरण/फौती नामांतरण/क्रय विक्रय/दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 23/07/2025 समय 11.00 बजे उपस्थित होकर दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हनी थावानी पति श्री दीपक थावानी निवासी हाउस नं. 67, स्ट्रीट नं. 03, तेलीबांधा जिला रायपुर छ.ग. से इनके नाम पर मौजा मोपका, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका, विकास खण्ड बिल्हा, तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 1053/95 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

**भवदीय- निशा काछी**
**पति श्री राजीव कुमार काछी**
**निवासी हाउस नं. 66, कुटी पास, रामकृष्ण नगर, मोपका**
**बिलासपुर, मो. 6263993414**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी श्रीमती निक्की अग्रवाल, पति श्री प्रकाश अग्रवाल, निवासी हनुमान मेटल, कोनी, थाना-कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाली के द्वारा मौजा रमतला, प.ह.नं.-24, रा.नि.मं. कोनी, वि.खं. बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 1199/2, रकबा 0.0810 हे.की भूमि को विक्रेता-अश्वनी कुमार सूर्यवंशी उम्र 38 वर्ष पिता स्व. मनहरण लाल सूर्यवंशी, निवासी-ग्राम रमतला, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाले से क्रय किये जाने हेतु पक्का सौदा किया जाकर, अग्रिम राशि का भुगतान की जा चुकी है, तथा निकट समय में रजिस्ट्री होनी तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/ निकाय/ बैंक को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति नीचे दिये मोबाइल नंबर पर संपर्क कर मय दस्तावेज सहित अपना आपत्ति प्रस्तुत कर अवगत करावें, अन्यथा समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा मेरे आसामी के पक्ष में रजिस्ट्री करा ली जायेगी।

सो सूचना जानें।
दिनांक: 15/07/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

बी.पी.डहरिया
अधिवक्ता
मो.नं. 6266487208

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र............/2024-25
ग्राम छतौना तहसील-सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फेकूराम साहू पिता स्व.लतेलराम साहू, निवासी छतौना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम छतौना प.ह.नं.37, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1203/4 रकबा 0.14 ए/0.0570 हेक्टेयर भूमि आवेदक द्वारा भुलऊ साहू पिता समेलाल साहू, निवासी ग्राम छतौना से दिनांक 10.06.1997 को क्रय किया गया है जिसका नामांतरण हेतु ऑनलाइन भुईयां पोर्टल में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में पंजीकृत बैनामा पुराना होने के कारण प्रकरण का निराकरण किये जाने हेतु राजस्व न्यायालय में लिया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा /आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28/7/25 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/7/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

---

**नाम परिवर्तन की सूचना**

हम डॉ.नीलिमा गंधर्व पति नागेश्वर गंधर्व उम्र 28 वर्ष एवं नागेश्वर गंधर्व पिता राजकुमार गंधर्व उम्र 35 वर्ष दोनो निवासी-महर्षि स्कूल के पास, मंगला, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के रहवासी हैं तथा आम सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित करते हैं कि हम दोनों को विवाह के पश्चात दाम्पत्य जीवन से दिनांक 26/01/2022 को एक पुत्री उत्पन्न हुई जिसका नाम हमने भूलवश जन्म प्रमाण पत्र में तुषिका गंधर्व अंकित करा दिया, वर्तमान में वह लगभग 03 वर्ष की हो चुकी है जिसका आधार कार्ड में भी नाम तुषिका गंधर्व अंकित हो चुका है। उपरोक्त पुत्री तुषिका गंधर्व का नाम परिवर्तित कर हम दोनों ने निखर गंधर्व अंकित कराना चाहते हैं।

अत: नाम परिवर्तन हेतु यह आम सूचना प्रकाशित करते हैं कि भविष्य में हमारी पुत्री को तुषिका गंधर्व के नाम से जाना एवं पहचाना जावे तथा जिन दस्तावेजों में तुषिका गंधर्व अंकित हो चुका है उसे सुधार कर निखर गंधर्व किया जावे।

दिनांक: 15/07/2025

सूचनादातागण
डॉ.नीलिमा गंधर्व पति नागेश्वर गंधर्व
नागेश्वर गंधर्व पिता राजकुमार गंधर्व
दोनो निवासी-महर्षि स्कूल के पास, मंगला, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्री मोहम्मद इमरान खान पिता मोहम्मद अब्दुल्ला, निवासी-गीतांजली कॉलोनी, रमजानी बाबा के पास, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा भू स्वामी मेसर्स कृपा ग्लास, तिफरा, बिलासपुर द्वारा प्रोपराईटर-श्रीमती रेखा रानी पति एस.एन.मैती के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि मौजा-तिफरा, प.ह.नं.-40, रा.नि.मं.-सिरगिट्टी, विकासखण्ड-बिल्हा, तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) ख.नं. 553/4, रकबा 0.0610, हेक्टेयर वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है जिसका दिनांक 28.07.2025 को पंजीयन होना है।

अत: उक्त वर्णित भूमि के विक्रय या पंजीयन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निगम, निकाय को कोई आपत्ति हों तो दिनांक 27.07.2025 तक अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में या मेरे मोबाईल नंबर में संपर्क कर प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अवैध एवं अमान्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक : 15.07.2025

भवदीय
शफीक अहमद खान
अधिवक्ता
पता-गली नं.02, देवीनगर, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर, तह.व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-8349235543

---

**आम सूचना**

यह कि मेरे पक्षकारगण सुधीर कुमार उम्र 39 वर्ष पिता स्व.दामोदर सिंह निवासी नेचर सिटी सकरी, जिला बिलासपुर एवं जीतलाल केशरवानी उम्र 42 वर्ष पिता स्व.रामगोपाल केशरवानी निवासी कुदुदण्ड बिलासपुर छ.ग. का निवासी है मेरे पक्षकारगण ग्राम मोहतराई प.ह.नं.21, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 939/1, रकबा 0.1650 हेक्टे. (0.41 एकड़) एवं खसरा नंबर 940/1, रकबा 0.5371 हे. (1.33 एकड़) कुल रकबा 1.74 एकड़ जो अन्नपूर्णा केसरी उम्र 45 वर्ष पति राघव कांत केसरी एवं स्वास्तिका केसरी उम्र 21 वर्ष पिता राघवकांत केसरी एवं प्रकर केसरी उम्र 18 वर्ष पिता राघवकांत केसरी सभी निवासी बर्फ फैक्टरी के सामने दयालबंद जगमल चौक बिलासपुर के नाम पर दर्ज संयुक्त रूप से शामिलाती भूमि है जिसे मेरे पक्षकारगण क्रय करने हेतु भूमि स्वामी अन्नपूर्णा केसरी वगैरह से क्रय करने हेतु पक्का बातचीत किया है और अन्नपूर्णा केसरी वगैरह ने जमीन विक्रय करने हेतु तत्पर है इस उपरोक्त भूमि के क्रय विक्रय करने में किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, शासकीय / अर्द्धशासकीय को कोई आपत्ति हो तो दस्तावेज सहित 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है समयावधि उपरांत किये गये दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने
दिनांक -15/07/2025

भवदीय
संजय यादव
अधिवक्ता
छ.ग.उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग.
बिलासपुर (छ.ग.)
पता-जनता लॉ चेम्बर माताचौरा के पास कुदुदण्ड, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-9589789420, 9340513928

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण अमरज्योति सिंह पिता स्व. मोती सिंह, निवासी कतियापारा, जूना बिलासपुर (छ.ग.) एवं आशीष मिश्रा पिता श्री रामचंद्र मिश्रा, निवासी छोटी कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) ने मौजा कोनी, महल नं. 2. प. ह. नं. 23, रा.नि.मं. कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ. ग.) स्थित खसरा नं. 63, रकबा 10 डिसमिल, खसरा नं. 15/2, रकबा 23 डिसमिल, खसरा नं.426, रकबा 17 डिसमिल, कुल रकबा 50 डिसमिल भूमि, जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रीमती तारणी पाण्डेय पति स्व. जुगल किशोर पाण्डेय, निवासी रिंग रोड नं. 2, सेंट फ्रॉसिस स्कूल के सामने, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर दर्ज है, जिसे उनके पंजीकृत मुख्तयार धारक श्री संजय पाण्डेय के साथ तथा उक्त मौजा कोनी के ही खसरा नं. 22, रकबा 54 डिसमिल, खसरा नं. 16, रकबा 30 डिसमिल, खसरा नं. 15/1, रकबा 30 डिसमिल, खसरा नं. 14, रकबा 80 डिसमिल, खसरा नं. 114 (115), रकबा 1.50 एकड़ कुल रकबा 4.74 एकड़ भूमि को विक्रेतागण श्रीमती वीणा पाण्डेय, श्री हेमन्त पाण्डेय, श्रीमती तारणी पाण्डेय, श्रीमती माधुरी पाण्डेय से अग्रिम राशि देकर लिखित पंजीकृत विक्रय अनुबंध के आधार पर खरीदने का पक्का सौदा हो गया है तथा विक्रेतागण ने उक्त सभी अनुबंधित भूमि का कब्जा मेरे पक्षकारगण को दे दिया है, जिस पर मेरे पक्षकारगण घेराबंदी कर अनुबंध दिनांक से लगातार काबिज चले आ रहे हैं। उक्त अनुबंध दिनांक 11/01/2023 के बाद विक्रेतागण के परिवार के श्रीमती कुमारी पाण्डेय का दिनांक 19/12/2022 को, हेमन्त पाण्डेय का दिनांक 19/01/2023 को तथा कालांतर में अनिल पाण्डेय का निधन हो गया, जिसके बाद उनके वंशजों द्वारा मेरे पक्षकारगण से मौखिक निवेदन कर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने तथा बाद में मेरे पक्षकार / उनके बताए व्यक्ति के नाम पर पंजीयन एवं नामांतरण कराने का निवेदन किया, जिसे मेरे पक्षकारगण ने सद्भाविक कारण जानकर स्वीकार कर लिया था, जिसके बाद विक्रेतागण के वंशज केशव पाण्डेय, वीणा, वरुण, अरविंद, मनोज, अमिता, सोमन्त, बसंत, अंकित, अभिषेक, आकांक्षा, अरुणा, हर्षित, अहिल्या, रंजना, संजय, प्रवीण, ज्योत्सना, तारिणी, पीयूष, माधुरी पाण्डेय का संयुक्त नाम उक्त भूमि स्वामी के रुप में दर्ज चला आ रहा है, फिर भी वर्तमान भूमि स्वामी उक्त भूमि के संबंध में कोई न कोई नया कारण बताकर पंजीयन कराने से हिला हवाला करते हैं तथा विक्रेतागण द्वारा उक्त अनुबंधित भूमि को अन्य हस्तांतरित करने का प्रयास कर रहे हैं।

अत: इस सूचना प्रकाशन के बाद कोई भी व्यक्ति / संस्था उक्त वर्णित भूमि के संबंध में क्रय-विक्रय संबंधी संव्यवहार करने का प्रयास न करे, अन्यथा की स्थिति में उक्त अनुबंधित भूमि संबंधी वाद विवाद की स्थिति में सौदा करने वाले व्यक्ति / संस्था को भी पक्षकार के रूप में माननीय सक्षम न्यायालय में संयोजित किया जाएगा तथा उक्त संबंध में होने वाली पुलिसिया तथा न्यायालयीन कार्यवाही सहित समस्त हर्जे खर्चे की जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की होगी।

सो सूचना जानें।

भवदीय
एस.बी. पाण्डेय (अधिवक्ता)
जोरापारा, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. नं.-8827987287

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक /क/वा.ना.तह./2025
बिलासपुर, दिनांक 14/07/2025

मौजा खमतराई के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा खमतराई प.ह.नं.25, तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित /कृषि भूमि ख.नं. 5/143 रकबा 872 वर्गफुट/ एकड़ हेतु आवेदक /आवेदिका भीमसेन सोंधिया पिता /पति गंगाराम सौंधिया निवासी जबड़ापारा सरकण्डा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत फौती नामांतरण/बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण /वसीयत नामांतरण/दान पत्र नामांतरण /पंजीकृत हकत्याग नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 29/07/25 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 14/07/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी अमन अग्रवाल पिता स्व. श्री रामअवतार अग्रवाल, निवासी हनुमान मेटल, कोनी, थाना-कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाले के द्वारा मौजा रमतला, प.ह.नं.-24, रा.नि.मं. कोनी, वि.खं. बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 1340/3/ख, रकबा 0.2020 हे.की भूमि को विक्रेतागण महेश राम साहू, कार्तिकराम साहू, रमेश कुमार साहू तीनों पिता स्व. मुंगलुराम एवं श्रीमती सुकवारा, अशोक साहू दोनों पति/पिता स्व. गणेशराम साहू से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर, उक्त सौदे की अग्रिम बयाना राशि प्रदान किया जा चुका है, तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होनी तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/ निकाय/ बैंक को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित अपना आपत्ति नीचे दिये मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक: 15/07/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

बी.पी.डहरिया
अधिवक्ता
मो.नं. 6266487208

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले./2025
बिलासपुर, दिनांक 07.07.2025

श्री आशीष कुमार आत्मज श्री शिवनारायण उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम खैरा डगनिया थाना सीपत तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर छ.ग.

एवं

कुमारी प्रिंसी आत्मजा श्री मोहन लाल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम खैरा डगनिया थाना सीपत तहसील बेलतरा जिला-बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनांक 11.08.2025 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



श्री आशीष कुमार



कुमारी प्रिंसी

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

माया निखार विरुद्ध आम जनता वगैरह,
उत्तरा.अधि.प्र.क्र.37/2025,
आदेश दिनांक 04/07/2025,
पेशी तारीख -08/08/2025,
प्रोसेस क्रमांक -125/25

प्रति,
आम जनता (जिससे संबंधित हो)

श्रीमती माया निखार उम्र 48 वर्ष पति स्व. श्री सुनील कुमार निखार निवासी-36/1, महाराष्ट्र मण्डल के पास, टिकरापारा, थाना सिटी कोतवाली, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत् प्रस्तुत किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 08/08/2025 को नियत है। अत: इस ईश्तहार/ नोटिस के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 08/08/2025 को सुबह समय 11.00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रकरण में भाग लें, जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदन पत्र में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हों।

दिनांक: 08/07/2025
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

**(विजेन्द्र सोनवानी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/2024-25

पक्षकार रेखा अवस्थी पति गुरूदेव अवस्थी ... आवेदिका **बनाम** ममता जाजोदिया पति स्व. रमन बिहारी जाजोदिया वगै.... अनावेदिकागण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा अवस्थी पति गुरुदेव अवस्थी निवासी सरजू बगीचा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसागनंज नजूल शीट नं. 20 प्लाट नं. 22/1, 24/1, 25/1, 26/1, 27/1 रकबा 2278 व.फु. स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में रमन बिहारी पिता स्व. कृपाशंकर जाजोदिया के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि पर निर्मित श्रीजी टावर के ब्लाक ए के द्वितीय तल प्रकोष्ठ क्रमांक ए-201 रकबा 942 व.फु. को आवेदिका के व्दारा अनावेदिकागण ममता जाजोदिया के पति स्व. रमनबिहारी जाजोदिया से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है। आवेदिका के व्दारा उक्त फ्लैट को विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 6/8/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 14/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 237/अ-6/ 2024-25

पक्षकार रेखा अवस्थी पति गुरूदेव अवस्थी ... आवेदक **विरुद्ध** छ.ग. शासन.. अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेखा अवस्थी पति गुरुदेव अवस्थी निवासी मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वत:/अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसागनंज नजूल शीट नं. 29 प्लाट नं. 22/57 में से रकबा 1000 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके नारायण प्रसाद अग्रवाल नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.20 के लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 25/7/2025 को स्वत:/अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि /समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 08.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी : विजेन्द्र सोनवानी)**
**-: नोटिस / ईश्तहार :-**

उत्तराधिकार प्र.क्र.-35/2025
आदेश दिनांक 19.06.2025
पेशी दिनांक 28.07.2025
प्रो.क्र. 121/25

आशा मिश्रा आवेदिका विरूद्ध शाखा प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित एवं अन्य अनावेदकगण

प्रति - आम जनता जिससे संबंधित हो....

आवेदिका ने अनावेदकगण के विरूद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 वास्ते मृतक स्व.श्री अविनाश मिश्रा के उत्तराधिकारी होने का प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवायी दिनांक 28.07.2025 को नियत की गयी है। आम जनता की सूचना हेतु इस समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस / ईश्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है।

आम जनता, जो भी इस प्रकरण से संबंधित हो दिनांक 28.07.2025 को दिन के 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर, जवाब प्रस्तुत कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे। अन्यथा आप के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनाँक 28.07.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस को प्रकरण पर कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनाँक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक-02/07/2025

**(विजेन्द्र सोनवानी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### खेत में रोपा लगा रहे ग्रामीण की करंट लगने से मौत

**लोरमी।** खेत में रोपा लगाने गए युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चेचानडीह निवासी अंतराम पिता बुधराम पोर्ते उम्र 40 वर्ष मगंलवार को सुबह 7 बजे के आसपास अपने खेत में रोपा लगा रहा था। इसी दौरान अचानक वह बिजली के तार की चपेट में आ गया। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य स्वास्थ केन्द्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ज्ञान सिंह ने बताया कि मृतक शादी शुदा है तथा उसके 2 बच्चे 1 लड़का एवं 1 लड़की है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया।

### सरपंच संघ तखतपुर की बैठक कल

**तखतपुर।** सरपंच संघ तखतपुर की बैठक 17 जुलाई को सुबह 11 बजे रेस्ट हाऊस खपरी में आयोजित की गई है। अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप ने सभी सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### हायर सेकंडरी स्कूल बिटकुली में वृहद पौधरोपण



**बिल्हा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिटकुली में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद स्तर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जपं अध्यक्ष राम कुमार कौशिक उपस्थित हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि न केवल पेड़ लगाने हैं, बल्कि उन्हें प्रयास करके बचाना भी है एवं भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचना है। साथ ही उन्होंने छात्रों को अपने जन्मदिन या अन्य किसी शुभ अवसर पर एक पेड़ जरूर लगाने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में कदंब, बरगद, गुलमोहर, अमलताश, कहवा, बादाम आदि प्रजाति के लगभग 50 पौधे लगाए गए। शाला प्राचार्य रविशंकर शर्मा ने जानकारी दी कि परिसर में लगभग दो सौ वृक्ष लगाए जा चुके हैं, जिनका नियमित रखरखाव जाली लगा कर व्यक्तिगत रूप से शिक्षक करते हैं। इस अवसर पर जन भागीदारी और विकास समिति के अध्यक्ष शुभम कौशिक, सरपंच प्रमिला प्रेम मधुकर, पूर्व जपं सभापति प्रतिनिधि डॉक्टर लक्ष्मण यादव, प्रेम मधुकर, विकास कौशिक, रामखिलावन नवरंगे, गौरीशंकर निर्मलकर, परदेशी कौशिक, साधराम नेताम, चैनू यादव, अमरदास, श्याम सोरी, संतोषी गहरे के साथ विद्यालय से वरिष्ठ व्याख्याता भारती चंद्रवंशी, आशुतोष शुक्ला, मालती शर्मा, माधुरी कौशिक, शकुंतला सोनी, कीर्तिचंद्र तिग्गा, दिलहरण यादव, रीतू कैटलिहा, कुशल दास महंत, चंद्रकांत तिवारी, पुष्पलता ध्रुव, मेनका कौशिक के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

### सार्थक फाउंडेशन ने किया अध्ययन सामग्रियों का वितरण



**पेंड्रा।** सार्थक फाउंडेशन के सदस्यों ने मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला चौबेपारा में अध्ययन सामग्री का वितरण किया। सार्थक फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष वंदना जैन ने बताया कि हमने एक लक्ष्य निर्धारित किया है कि इस स्कूल के बच्चों के उत्तरोत्तर विकास के लिए जितना सहयोग बन सकेगा करेंगे। सार्थक फाउंडेशन समय-समय पर इस स्कूल के लिए जरूरत की सामग्री की व्यवस्था करता रहता है। इसी क्रम में पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर सार्थक फाउंडेशन की अध्यक्ष निलिशा गुप्ता, कोषाध्यक्ष वंदना जैन, उपाध्यक्ष नमिता मित्तल एवं अंकिता सुल्तानिया उपस्थित रहे। इस पर शाला की प्रधान पाठिका अंजू राय मैडम और मिश्रा सर ने सार्थक फाउंडेशन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### पोर्ते महाविद्यालय में एबीवीपी ने लगाया हेल्प डेस्क



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पेंड्रा की ओर से विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी सहायता केंद्र लगाया गया ताकि महाविद्यालय में एडमिशन एवं पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सहायता मिल सके और छात्र बिना किसी समस्या के सामना किए हुए महाविद्यालय में पढ़ सकें। नगर मंत्री श्रेयांश पांडे ने बताया कि महाविद्यालय में बारहवीं कक्षा के नए छात्र महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आते है, लेकिन पूर्ण रूप से प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, एबीवीपी इसमें उनकी मदद करती है। नगर सह मंत्री आदित्य चतुर्वेदी ने बताया कि छात्रों के लिए प्रवेश, परीक्षा और परिणाम के तहत एबीवीपी की ओर से यह योजना चलाई है। इस कार्य में मुख्य रूप से सह नगर मंत्री नंदिनी राठौर, श्रद्धा दुबे, वैभव यादव, अनुज अग्रवाल, साधना राठौर, उज्जवल तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### संतोष कुमार गुप्ता



**बिलासपुर।** इमली पारा निवासी गुमा वाले संतोष कुमार गुप्ता का निधन 15 जुलाई को हो गया। वे 68 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 16 जुलाई को सुबह 10 बजे दयालबंद मधुबन में किय जाएगा। वे स्व. स्वर्गीय चमन लाल गुप्ता पुत्र, पुरषोत्तम, मनहरण, राजेन्द्र के भाई एवं जुगल के चाचा थे।

### लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता



**बिलासपुर।** लखराम के समाजसेवी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता का 76 वर्ष की आयु में 14 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार लखराम में दोपहर 12. 30 बजे किया गया है । वे अपने पीछे पुत्र रविशंकर और चार पुत्रियां संगीता, पूर्णिमा, आरती, पूजा से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## तीन दिन बाद भी नाले से पूरी तरह नहीं हटाई गई जलकुंभी

# सकरी की नेचर सिटी में फिर से जलभराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

नगर निगम के अधिकारी बारिश पूर्व नाली सफाई सहित बाढ़ रोकने के उपाय का ढोल पीटने में कोई कमी नहीं करते, लेकिन धरातल पर हकीकत इसके विपरीत है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सकरी क्षेत्र की पाश कालोनियां इसकी जद में आ गईं और तीन दिन की मशक्कत के बाद बाढ़ पर काबू तो पाया गया लेकिन वो भी पूरी तरह से नहीं।

मामला नगर निगम के जोन क्रमांक 1 सकरी के वार्ड क्रमांक 2 अब्दुल कलाम नगर का है, इस वार्ड में गोकने नाला से लगी हुई पॉश कालोनियां नेचर सिटी व सागर होम्स स्थित हैं। गोकने नाला में अतिक्रमण एवं भारी जलकुंभी के चलते हर वर्ष वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है। बरसात में नाले का पानी कालोनी के घरों में घुस जाती है, जिससे इनमें रहने वाले लोगों की जान आफत में फंसी रहती है। इस वर्ष भी इसी माह लगातार हुई बारिश के चलते विगत सप्ताह तीन दिनों तक कालोनी में पानी भरा रहा, जिससे कालोनीवासियों में भय व्याप्त हो गया। आखिरकार जोन अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद दिलीप कोरी की सजगता से जेसीबी के माध्यम से नाले को क्लियर कर बाढ़ के पानी पर नियंत्रण पाया गया। इसके बाद वार्ड पार्षद ने बाढ़ पीड़ित इलाके में ब्लीचिंग पावडर डालने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए थे ताकि डायरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके। इसके बाद ही निगम एवं जोन के अधिकारियों के कान में जू तक नहीं रेंग रही है, अभी तक न तो ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया है और न ही पूरी तरह से नाले की जलकुंभियों को हटाया गया है। अगर फिर से कुछ दिन लगातार बारिश हुई तो इन कालोनियों में फिर से जलभराव हो जाएगा।कालोनीवासियों का कहना है कि वो निगम के टैक्स पेयर हैं तो उन्हें मूलभूत सुविधा दिला पाने में निगम के अधिकारी नाकाम साबित क्यों हो रहे है। गोकले नाला बाढ़ से एक बालक ने गवा दी थी जानः- गोकने नाला से अतिक्रमण हटा पाने में नाकामयाब नगर निगम इसमें फैली जलकुंभियों पर भी काबू पाने में असफल रहा। शायद वो फिर से पहले जैसी घटना के इंतजार में बैठे है। वर्ष 2022 में ही 13 अगस्त को घुरू में तीन भाई अपने घर के सामने सड़क पर बाढ़ के पानी में नहा रहे थे तभी अचानक से नाले का बहाव तेज हुआ और तीनों बहने लगे।

### ब्लीचिंग पाउडर डालने किया गया था निर्देशित

विगत सप्ताह लगातार बारिश से जलभराव हुआ था, जिससे कालोनी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। मैंने स्वयं अमले के साथ पहुंचकर जलकुंभी हटवाई थी और ब्लीचिंग पावडर डालने निर्देशित किया था। अभी तक प्रभावित क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं हो पाया है, निगम को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। 2022 जैसी स्थित बनने से रोकने के लिए गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। दि

- **दिलीप कोरी**, पार्षद वार्ड 2

### 18 लाख रुपए से कराई गई थी नाले की सफाई

2023 में मैने 18 लाख से नाले की सफाई कराई थी, जिसके बाद दो साल तक बाढ़ की स्थिति नहीं बनी थी। इस बार लगातार अति वृष्टि के चलते भैंसाझार डेम खोलने से बहकर जलकुंभी नाले में आ गई, जिसे पूरी तरह साफ कराया गया था, लेकिन फिर से जलकुंभी नाले में आ गई है। पानी कम होने के बाद इसकी सफाई कराई जाएगी एवं जल्द ही ब्लीचिंग पावडर का भी छिड़काव कराया जाएगा। निगम प्रशासन बाढ़ को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है।

-**रंजना अग्रवाल**, जोन कमिश्नर

### पानी की निकासी नहीं होने से मकान बना टापू, मदद की गुहार



**लोरमी।** ग्राम डुमरहा क्षेत्र में बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था न होने से खेत की फसल चौपट हो रही है, साथ ही जलभराव की वजह से आसपास के 2 कच्चे मकानों की दीवार ढह गई। इससे करीब 10 परिवारों का आवागमन बाधित हो गया है एवं उन्हें रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने पैदल पानी को पार कर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर स्थिति की जानकारी ग्राम सरपंच एवं पटवारी को दी गई, लेकिन सहायता तो दूर कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई। प्रभावित किसान परिवारों ने अब इस मुद्दे को लेकर कलेक्टर से शिकायत करने का निर्णय लिया है और प्रशासन से राहत एवं उचित मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतर कर विरोध करने को मजबूर होंगे।

#### निरीक्षण करेंगे

स्थल का निरीक्षण तत्काल कर मामले में कार्यवाही की जाएगी।

-**अजीत पुजारी**, एसडीएम

## बिजली बिल व जर्जर सड़कों ने बढ़ाई परेशानी

### समस्या को लेकर कलेक्टर के जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीण



**मल्हार।** नगर पंचायत मल्हार के नागरिक इन दिनों दोहरी समस्याओं से जूझ रहे हैं। एक ओर भारी भरकम बिजली बिलों ने उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है, तो दूसरी ओर मेन रोड से मंदिर तक की जर्जर सड़क ने लोगों का जीवन मुश्किल बना दिया है।

मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पति धनेश्वर केवर्त और पार्षद पति मनराखन केवर्त सहित सैकड़ों नगरवासियों ने इकट्ठा होकर अपनी समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन से गुहार लगाने कलेक्टर के जनदर्शन में पहुंचे। नगरवासियों ने बताया कि उनके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में असमान्य बढ़ोतरी देखी जा रही है। पहले जहां उपभोक्ताओं को हर महीने 50 से 200 रुपए तक का बिल आता था, अब वही बिल सीधे 8 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक पहुंच चुका है। यह स्थिति तब और विकट हो गई जब कई महीनों तक नियमित मीटर रीडिंग नहीं की गई और न ही समय पर बिल जारी हुए। अब एक साथ कई महीनों का बिल भेजा गया है, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। क्षेत्र के अधिकांश उपभोक्ता मजदूरी और कृषि कार्य से जुड़े हुए हैं, ऐसे में इतनी बड़ी राशि चुकाना उनके लिए असंभव सा हो गया है। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों को ठीक करने और नियमित रीडिंग की जिम्मेदारी बिजली विभाग की है, लेकिन उसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रभावित नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बिजली विभाग द्वारा जारी बिलों की फिर से जांच कराई जाए और गड़बड़ी पाए जाने पर सुधार किया जाए।

#### जर्जर सड़क को लेकर लगाई गुहार

जनदर्शन में पहुचे नगरवासियों ने बस स्टैंड चौक से मंदिर तक की सड़क की दुर्दशा को लेकर भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मल्हार एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। लेकिन वर्तमान में मुख्य सड़क की हालत इतनी खराब है कि बारिश के दिनों में लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कीचड़, गड्ढे और जलभराव से स्थानीय जनता के साथ-साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालु भी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद सड़क मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की है कि मल्हार की गरिमा और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए।

## प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर हो रही विफलः घनश्याम




बिजली बिल वृद्धि पर आक्रोश व्यक्त करते कांग्रेसजन।

**मुंगेली।** लगातार बढ़ते बिजली बिल को लेकर आम आदमी को होने वाली परेशानियों को लेकर कांग्रेस भवन में जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश सरकार हर मोर्चे में विफल हो रही है एवं आम आदमी के जेब में डाका डालने का काम कर रही है, आने वाले समय में प्रदेश की जनता इसका जवाब देगी। उन्होने कहा कि डेढ़ साल के भीतर भाजपा की साय सरकार ने चौथी बार बिजली के दाम बढाए है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी के रूप में कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं, अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर सरकार किसानों की कमर तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है एवं सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जिला संयोजक रोहित शुक्ला, चंद्रभान बारमते, आत्मासिंह क्षत्रिय, श्याम जायसवाल, दिलीप बंजारा, उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, अनिता विश्वकर्मा, अभिलाष सिंह, इंद्रजीत कुर्रे, अजय साह, रवि कोशले, सूरज मंगलानी, नवनीत शुक्ला उपस्थित रहे।

## किसान के साथ गाली-गलौज, मारपीट, मामला दर्ज

**तखतपुर।** खेत में धान बोने की बात को लेकर किसान के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी गई, शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम केकती निवासी बिंद्रा प्रसाद वस्त्रकार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 जुलाई की सुबह 6 बजे जब वह अपने घर में था, इसी दौरान सुरेश कुमार यादव आया और मुझे मेरा पैसा वापस करो कहकर गाली-गलौज व विवाद करने लगा। साथ ही खेत को वापस ले लो कहकर उनसे मारपीट शुरू कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## केवल लोकल में कुछ किमी तक ही चलेंगे ट्रेलर, पूरा परिवहन रेल मोड से

# वर्ष 2030 तक कोयले का रोड परिवहन होगा जीरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

#### नए नियम से ट्रेलर और ट्रक मालिक संकट में



आने वाले पांच सालों में कोयला परिवहन का पूरा सिस्टम बदलने वाला है। अब रोड परिवहन को पूरी तरह बंद कर केवल रेल मोड ही चलेगा। वर्ष 2030 तक इसे 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। रोड के जरिए केवल पास के उद्योगों को कोयला भेजा जाएगा।

माइंस से सटे प्लांटों में कन्वेयर बेल्ट लगाना पड़ेगा। जिले में सैकड़ों ट्रेलर मालिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिले में कोयला उत्पादन के साथ परिवहन भी बहुत बड़ा उद्योग है। सैकड़ों परिवार हैं जो कोयला परिवहन कारोबार के सहारे चल रहे हैं। अब इस कारोबार पर संकट आ सकता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक सभी कोयला खदानों को रेल नेटवर्क से जोडऩे की डेडलाइन दी है। माइंस से कोयला रैक के जरिए एंड यूज प्लांट तक पहुंचाना है। कोल इंडिया के अलावा सभी प्राइवेट कंपनियों को इसका पालन करना होगा। रोड के जरिए दूर तक कोयला परिवहन नहीं किया जा सकेगा। जिले में आने वाले सालों में करीब 8 नई खदानें प्रारंभ हो जाएंगी। इसीलिए कोयला परिवहन के लिए ईस्ट रेल कॉरीडोर बिछाई जा रही है। अब इस कॉरीडोर को कोरबा से जोड़ते हुए एक सर्कल बनाया जा रहा है। इसके अलावा तमनार, घरघोड़ा और धरमजयगढ़ में रेलवे साइडिंग भी बनाई जा रही है। वर्ष 2030 के बाद किसी भी कंपनी को रोड के जरिए कोयला ले जाने की अनुमति नहीं होगी। आने वाले 5 साल में धरमजयगढ़ और तमनार में ही करीब 8 नई खदानें शुरू होंगी। इसके बाद कोरबा एरिया में एसईसीएल को मिलाकर 100 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हो जाएगा। केवल एसईसीएल ही 50 मिलियन टन प्रतिवर्ष से अधिक कोयला उत्पादन करेगा।

### एसईसीएल और एनटीपीसी अपना चुके रेल मोड

वर्तमान में एसईसीएल का करीब 70 प्रतिशत कोयला रेल मोड से जा रहा है। बाकी का 30 प्रतिशत ही रोड सेल है। वर्ष 2030 तक यह भी रेल मोड से हो जाएगा। जिले में स्थित छोटे प्लांटों तक कोयला रोड के जरिए पहुंचाने की मजबूरी है लेकिन प्राइवेट कंपनियों को अपनी माइंस से कोयला रेल नेटवर्क के जरिए ही भेजना पड़ेगा। कर्नाटका, महाराष्ट्र, राजस्थान, मप्र, राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों को कोयला रेल से भेजा जाएगा। एनटीपीसी भी रैक के जरिए ही कोयला भेज रहा है। माइंस के नजदीक स्थित प्लांटों को कोयला ले जाने के लिए कन्वेयर बेल्ट बनाना होगा। सरकार किसी भी तरह से रोड सेल को खत्म करना चाहती है ताकि पर्यावरण प्रदूषण कम हो।



निर्माणाधीन सड़क।

## सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग, ग्रामीण आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम मसनी से खेकतरा तक सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। लोरमी विकासखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में बनने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण में खराब सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा सस्ते और स्तरहीन पत्थर, गिट्टी, रेत व सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के विरोध करने पर एसडीओ लव डोंगरे और सब इंजीनियर मोहनीश पटेल मौके पर पहुंचे एवं जांच की बात भी कही, लेकिन निर्माण कार्य नहीं रुका। गौरतलब हो कि 4.49 किलोमीटर तक बनाई जा रही इस सड़क पर सबसे ज्यादा कृषकों और पढ़ने वाले बच्चों का आवागमन होता है। अनिल बिल्डकॉन नामक कंपनी सड़क बनाने का काम कर रही है, जिसे 2023 में ही पूरा हो जाना था, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा स्थानीय ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है।स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि अरुण साहू ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा बड़े आर्थिक लाभ के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर सारा खेल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी और ठेकदार की मनमानी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है एवं वे आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों ने गुणवत्तापूर्ण मजबूत सड़क बनाने के लिए प्रशासन से मांग की है एवं मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

#### कार्रवाई करेंगे

उक्त सड़क में उपयोग होने वाले मटेरियल की जांच करवा कर रिजेक्ट की कार्रवाई की जायेगा।

- **परीक्षित सूर्यवंशी**, कार्यपालन यंत्री

#### काम बंद है

ठेकेदार को निर्माण स्थल से खराब सामग्री उठाने को कहा गया है। अभी फिलहाल काम बंद है।

- **लव डोंगरे**, एसडीओ

### मोपका-सेदरी बायपास में गड्ढे बने जानलेवा

**मोपका।** मोपका-सेदरी बायपास पर बड़े-बड़े वाहनों के चलने के कारम बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं। इन दिनों बरसात में मोपका सिंदरी बायपास पर सड़क नहीं, सिर्फ गड्ढे दिखाई देते हैं, जिसके कारम सड़क पर चलना दूभर हो गया है। 24 घंटे बायपास पर बड़े-बड़े वाहनों का गुजरना होता है, वहीं छोटे-छोटे और दुपहिया वाहन वाले तो मानो जान हथेली पर लेकर चलते हैं। 2 साल पहले सड़क की मरम्मत के लिए ठेका दिया गया था, लेकिन थोड़े-बहुत गड्ढा भर कर ठेकेदार ने खानापूर्ति की, लेकिन शुरुआती बरसात में ही इसकी पोल खुल गई एवं सड़क का हालत ज्यों का त्यों बना हुआ है। इस मार्ग पर चलना टेढ़ी खीर के समान है सुबह से शाम तक रोजगार के लिए मजदूर इसी मार्ग से गुजरते हैं एवं जर्जर होने के कारण उन्हें भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। वही मोपका बायपास पर बिरला ओपन माइंड स्कूल है, जहां स्कूली बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। बच्चे कार, बस, बाइक से स्कूल आना जाना करते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मार्ग पर बड़े-बड़े वाहन से खतरा बना रहता है एवं गड्ढे से निकलना मुश्किल होता है।



## सरपंच-सचिव पर हमला 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

थाना सीपत अंतर्गत ग्राम कुली में रविवार रात ग्राम पंचायत की गतिविधियों को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो युवकों ने सरपंच और सचिव पर हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



ग्राम कुली के सरपंच बलराम प्रसाद वस्त्रकार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 13 जुलाई को गांव के तालाब में मछली पालन ठेका वितरण के मुद्दे पर ग्राम सभा आयोजित की गई थी। इसी दौरान आरोपी सरदार सिंह सभा स्थल पर पहुंचा और सरपंच को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौच करने लगा। घटना के आधार पर पुलिस ने तत्काल बीएनएस की धारा 296, 351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया। इसी विवाद के बाद रात में आरोपियों ने सरपंच के घर पर धावा बोल दिया और सरपंच की अनुपस्थिति में उन्होंने घर की कुंडी तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की और बाहर आकर सचिव पर हमला कर दिया। मामले की शिकायत पर आरोपियों के खि ला फ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 331(6), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी चंद्रमणि ठाकुर उर्फ मोना पिता युवराज सिंह ठाकुर 21 वर्ष व सरदार सिंह पिता संतोष सिंह 28 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

### शासकीय कन्या आदिवासी छात्रावास में पौधरोपण



**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में मंगलवार को वार्ड 5 के पार्षद मनोज पटेल पौधरोपण किया। उनके साथ में भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गा कश्यप, वार्ड 6 के पार्षद प्रतिनिधि संतोष सोनी, अशोक निषाद, मोनू ठाकुर एवं छात्रावास अधीक्षिका शालिनी साहू सहित छात्रावास के बच्चे एवं वार्डवासियों ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और छात्राओं को नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने हेतु प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### दवा दुकान में चोरी करने वाला नाबालिग पकड़ा गया

**बिलासपुर।** दवा दुकान में चोरी करने वाले नाबालिग को पुलिस ने पकड़कर बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है। उसके पास से 23 हजार 500 रुपए जब्त किया गया है। ज्ञात हो कि अशोकनगर एकता कालोनी निवासी उमाशंकर प्रसाद पिता फागूराम बरगाह 13 जुलाई की रात 10 बजे अपनी मेडिकल दुकान बंदकर घर लौट गए थे। 14 जुलाई को सुबह 8 बजे दुकान गए तो शटर हल्का खुला हुआ था और हुक निकला हुआ था। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त थे। गल्ले में रखा 25 हजार रुपए चोरी हो गई थी। पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़कर 23 हजार 500 रुपए बरामद कर उसे बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है।

### सेवा सहकारी समिति के आपरेटर से मारपीट

**बिलासपुर।** सेवा सहकारी समिति में लाठी से तोड़फोड़ कर आपरेटर से मारपीट करने वाले ग्रामीण के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, रमतला निवासी विनोद क्षत्री सेंदरी सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक है। उन्होने रिपोर्ट लिखाई 14 जुलाई को कार्यालयीन समय से समिति कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान कमलेश सिंह ठाकुर, आकास यादव समिति में धूसकर कर्मचारियों के साथ गाली गलौज कर लाठी से जमकर तोड़फोड़ की गई है। उसके बाद रास्ते में आपरेटर आशीष दुबे से कमलेश सिंह ठाकुर एवं एक अन्य व्यक्ति ने गाली गलौज कर मारपीट किया गया है। पुलिस ने प्रबंधक श्री क्षत्री की रिपोर्ट पर कमलेश सिंह ठाकुर, आकास यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 296 व आपरेटर आशीष दुबे की रिपोट पर कमलेश सिंह ठाकुर व एक अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अरपा नदी में लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** अरपा लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, मंगलवार को लोगों ने पचरीघाट अरपा नदी में एक व्यक्ति की लाश देखी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव बाहर निकालकर पहचान कार्रवाई की। मृतक की पहचान मूलत : सीपत हालमुकाम चिंगराजपारा निवासी राजेन्द्र सूर्यवंशी के रूप में हुई। उसके शरीर पर चोट के निशान है। एक दिन पहले घरवालों ने सरकण्डा थाने में गुम होने की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### दुकान का टीन शेड उखाड़कर चोरी

**बिलासपुर।** बीती रात चोरो ने दुकान के टीन का शेड उखाड़कर नकद रकम, काजू, किसमिस, बादाम चोरी कर भाग गए। सीसीटीवी फुटेज के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, शांति चौक मंगला निवासी जीतराम रजक पिता रामस्वरूप पटवारी तालाब आजाद चौक के पास दुकान चलाते है। सोमवार की रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात चोरो ने उनकी दुकान के टीन का शेड उखाड़कर गल्ले से 10 हजार 500 रुपए नकद, बादाम, किसमिस, छोहारा, काजू चोरी कर भाग गए। मंगलवार को वह दुकान खोले तब चोरी की जानकारी हुई। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आ रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

---

**जुलाई माह से लागू हो चुकी है नई दरें** | विभाग के पास नहीं पहुंचा है अब तक ट्रैरिफ बुक

# अगस्त से लगेगा बिजली बिल का झटका, 100 यूनिट में 50 रुपए अधिक होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की दरों में परिवर्तन कर दिया है। उपभोक्ताओं को 300 से 400 यूनिट की खपत पर 30 से 50 रुपए तक अधिक देना पड़ेगा, वहीं 500 से 600 युनिट पर पर 70 रुपए तक ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। जाहिर है इससे उपभोक्ताओं के जेब ढीली होना तय है। इसका विरोध भी हो रहा है लेकिन कंपनी द्वारा दर लागू होने के बाद अगस्त माह में बिजली बिल नई दरों के साथ ही मिलेंगें।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आम उपभोक्ताओं को बिजली का झटका दे दिया है। अगर आप 300 से 400 यूनिट तक बिजली की खपत करते हैं तो अगस्त के बिल में 50 रुपये तक की राशि जुड़ जाएगी। इसी तरह से 500 से 600 यूनिट तक खपत होने पर 60 व 70 रुपये अतिरिक्त देना पड़ेगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की नई दरों को स्वीकृति दे दी है। यह एक जुलाई 2025 से प्रभावशील लागू हो चुकी है। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार एक यूनिट बिजली की उत्पादन लागत जहां 7.20 रुपये है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को यह न्यूनतम 4.10 रुपये प्रति यूनिट की दर से दी जा रही है। बिजली अधिकारियों का कहना है कि भले ही आयोग ने 10 से 20 पैसे प्रति युनिट की बढ़ोत्तरी की है लेकिन अभी तक ट्रैफिक बुक नहीं मिल सका है। ऐसे में अधिकारी भी यह नहीं बता पा रहे है कि कितने रूपए की बढ़ोत्तरी होगी। दरअसल बिलिंग ऑनलाइन प्रोसेस में है ऐसे में कुछ चार्ज में इसे जोड़कर बढ़ाया जाएगा। वहीं राज्य सरकार द्वारा 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को बिजली बिल में हाफ यानि 50 प्रतिशत की छूट देती रहेगी।

**इस तरह समझे यूनिट का बजट**

| यूनिट | वर्तमान दरे | राशि | नई दरें | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 0-100 | 3.90 पैसे | 390 रू | 4.10 | 410 |
| 101-200 | 4.10 | 410-820 | 4.20 | 424.2 |
| 201-400 | 5.50 | 1105-2200 | 5.60 | 1125.6 |
| 401-600 | 6.50 | 2606.5-3900 | 6.60 | 2646.6 |
| 601 से अधिक | 8.10 | 4868.1 | 8.30 | 4988.3 |



### सभी श्रेणियों में बढ़ेगा बिल

सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरें बढ़ा दी गईं हैं। घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरें 10-20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाई गईं हैं। वहीं, गैर घरेलू उपभोक्ताओं को औसत 25 पैसे प्रति यूनिट का झटका दिया गया है। इसके अलावा कृषि पम्पों के उपभोक्ताओं के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट बिजली दरें बढ़ाई गईं हैं। विद्युत नियामक आयोग ने नया टैरिफ रेट 1 जुलाई से लागू किया है भले ही नई दरों की घोषणा 11 जुलाई को की गई है।

### उपभोक्ताओं को मिल जाएगी जानकारी

ट्रैरिफ लागू होने के बाद अगले माह से बिल जनरेट किया जाता है। वर्तमान में ट्रैरिफ बुक नहीं आई है, सारा प्रोसेस ऑनलाइन है। उपभोक्ताओं को जानकारी मिल जाएगी।

**-एके अम्बस्ट,** कार्यपालक निदेशक, विद्युत विभाग

---

सिरगिट्टी और इंडस्ट्रीयल एरिया के लोगों को तारबाहर आने के लिए रेलवे क्रासिंग पार करनी पड़ी

# काउकेचर लगाने तारबाहर अंडरब्रिज 11 दिन तक बंद, राहगीर परेशान



तारबाहर अंडरब्रिज...



चुचुहियापारा अंडरब्रिज...

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तारबाहर अंडरब्रिज को काऊकेचर लगाने के लिए मंगलवार की सुबह से लेकर 11 दिनों तक बंद कर कर दिया गया है। इसके कारण सिरगिट्टी नगर पंचायत और इंडस्ट्रीयल एरिया की ओर रहने वाले राहगीरों को तारबाहर तरफ आने के लिए चुचुहियापारा रेलवे क्रासिंग का उपयोग करना पड़ा। इस दौरान सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चों को उठानी पड़ी।

बिलासपुर रेल मंडल में तारबाहर रेल क्रासिंग बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण है। इस रेल क्रासिंग से प्रतिदिन 300 से अधिक मालगाड़ियों के अलावा हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली मेल, एक्सप्रेस, दिल्ली, कटनी और अन्य रूट की ओर आने-जाने वाली यात्री ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। इसके अलावा जो गाड़ियां बाहर से बिलासपुर स्टेशन में आकर समाप्त होती हैं, उन ट्रेनों को डिपो ले जाने का कार्य भी इसी क्रासिंग से ही किया जा रहा है। तारबाहर से लेकर सिरगिट्टी नगर पंचायत और इंडस्ट्रियल एरिया में आने-जाने वाले लोगों की संख्या प्रतिदिन 20 से 22 हजार के करीब है, जिसमें स्कूल बच्चों से लेकर कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और व्यापारी वर्ग भी शामिल हैं। लोगों को क्रासिंग में बेरियर बंद होने के कारण परेशानियों को देखते हुए करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से तारबाहर शिव मंदिर के पास से लेकर सिरगिट्टी नगर पंचायत शराब भट्टी तक अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया गया है। बारिश के दौरान अंडरब्रिज में पानी भरने की लोगों को धूल और गड्ढे.की समस्या से जूझना पड़ता है। इस तरह की परेशानियों को लोगों की प्रतिदिन की है। अब अंडरब्रिज में लोगों के लिए एक नई समस्या आ गई है। रेलवे के अनुसार बारिश के दौरान मवेशियों का जमावड़ा होने लगा था, जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी शिकायत रेल प्रशासन से की गई, जिसके उपरांत रेल प्रशासन ने समस्या के निराकरण एवं सुगम सड़क आवागमन की सुविधा देने 15 जुलाई मंगलवार से लेकर 25 जुलाई शुक्रवार यानि 11 दिन तक अंडरब्रिज को पूरी तरह से बंद करते हुए काउकेचर लगाने का कार्य शुरु कर दिया गया है। इस अवधि में लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में चुचुहियापारा अंडरब्रिज का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

### सबसे अधिक परेशानी बच्चों को

तारबाहर रेल अंडरब्रिज बंद होने के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चों को होगी। सिरगिट्टी से लेकर चुचुहियापारा की ओर जाने वाली सड़क की हालत काफी खराब हो चुकी है, जहां कदम-कदम पर गड्ढे.होने की वजह से बारिश में पानी भर जाते हैं। इसके अलावा स्कूल टाइम में पहुंचने वाले बच्चों को अब 15 मिनट पहले ही घर से और मरीजों के लिए पहुंचने वाले एम्बुलेंस को भी चुचुहियापारा अंडरब्रिज से घुमकर आना पड़ा।

### घुमावदार है चुचुहियापारा ब्रिज

चुचहियापारा रेलवे क्रासिंग को स्थानीय लोगों की मांग पर बनाया गया था। चुचुहियापारा के लोगों को तारबाहर क्रासिंग पर बने अंडरब्रिज तक आने-जाने के लिए दो से तीन किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता था, जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही थी। चुचुहियापारा रेल क्रासिंग पर बनाए गए अंडरब्रिज को इस तरह बनाया गया है, जहां से अगर दो बड़ी गाड़ियां निकल जाए तो यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ जाती है। वहीं चुचुहियापारा की ओर ब्रिज का रास्ता तो सीधा है, लेकिन हेमूनगर की ओर बनाए गए रास्ते को घुमावदार बना दिया गया है। यहां से गाड़ियां निकालने में ही लोगों को काफी परेशानी हो जाती है।

---

# अस्पताल से छुट्टी होने के पहले बनेगा बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ भारत सरकार का आदेश

बच्चे के जन्म के लिए शासकीय अस्पतालों में भर्ती प्रसूता को उस अस्पताल से छुट्टी मिलने के पहले ही बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाएगा। भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा प्रदेशों को जारी इस आदेश के बाद जिले के सभी शासकीय अस्पतालों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अब किसी भी माता-पिता को बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र के लिए नगर-निगम या चॉइस सेंटरों में भटकने से आजादी मिल सकेगी।

बच्चे के जन्म के लिए अस्पताल में भर्ती प्रसूता जन्म के बाद बच्चे के साथ-साथ अब उसका जन्म प्रमाणपत्र भी घर ला सकेगी। भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में यह बात स्वीकार की गई है कि राज्य में अस्पतालों में प्रसव का प्रतिशत 50% से अधिक है, इस स्थिति में नवजात शिशु की माँ को अस्पताल से छुट्टी मिलने के पूर्व ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र दिया जा सकता है। इतना ही नहीं, बल्कि आदेश में जन्म प्रमाण पत्र के सही समय पर उपलब्धता को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस संबंध में प्रदेश शासन द्वारा सभी जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु को जारी आदेश में अस्पताल से छुट्टी मिलने के पूर्व प्रसूता को जारी बच्चे के जन्मप्रमाण पत्रों से संबंधित प्रकरणों की संख्या से शासन को अवगत कराने का भी उल्लेख है। इस आदेश के बाद सिम्स, जिला अस्पताल, सारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेल्वे अस्पताल, ब्लाक मुख्यालयों व नगर पंचायतों में स्थापित सारे शासकीय अस्पतालों से प्रसूताओं को बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र छुट्टी होने के पूर्व ही प्राप्त हो सकेगा।

### दिए गए हैं निर्देश

शासकीय अस्पतालों में भर्ती प्रसूता को उस अस्पताल से छुट्टी होने के पूर्व ही बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र जारी किया जाना है। भारत के महारजिस्ट्रार एवं मुख्य रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार सभी शासकीय अस्पतालों को इसके परिपालन हेतु निर्देशित किया जा चुका है।

**-अतुल कुमार,** सहायक संचालक, प्रभारी जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु

### मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भी लागू

आमतौर पर देखा जाता है कि परिवार में किसी की मौत होने के बाद परिजन को मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए लंबे समय तक भटकना पड़ता है, जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि सूचना प्राप्ति के सात दिनों के भीतर प्रमाणपत्र जारी किया जाना है। भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार जन्म मृत्यु पंजीयन अधिनियम 2023 की धारा 8 एवं धारा 9 के तहत सूचना प्राप्त होने की तिथि से सात दिन के भीतर सूचनादाता को इलेक्ट्रॉनिक या अन्य माध्यम से जन्म-मृत्यु का प्रमाण पत्र दिया जाना है। ऐसा नहीं करने की दशा में संबंधित रजिस्ट्रार के विरूद्ध पेनाल्टी का भी प्रावधान रखा गया है।

---

# गोंड़पारा के मकान में लगी भीषण आग, घरेलू सामान जलकर खाक



घर में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ कमरे में रखा घरेलू सामान जलकर खाक

गोड़पारा के एक मकान के उपर कमरे में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। कोतवाली पुलिस लोगों के सहयोग से पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। उसके बाद दमकन के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग से कमरे में रखा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, गोंडपारा कैनरा बैंक के सामने रहने वाले राजकुमार शर्मा के घरवाले शाम को नीचे घर में थे। उपर के रूम में कोई नहीं था। रात करीब 8 बजे घर के लोगों ने उपर के कमरे से आग की लपटे निकलती देखा, जिससे हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों के सहयोग से पानी डालकर आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई। इसी दौरान एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। दमकल के पानी से आग पर काबू पा लिया गया है। मकान मालिक श्री शर्मा ने बताया, उपर कमरे में रखा टीवी, फ्रीज सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया है। शार्टसर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

# म्यूल खाते से साइबर ठगी के दो लाख का लेनदेन, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ मामले की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस की ओर से रेंज साइबर थाने में धोखाधड़ी की रकम और लेनदेन के मामले में म्यूल खातों की जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। आरोपी के खाते में साइबर ठगी के दो लाख 95 हजार 343 रुपये का लेनदेन हुआ है। अब आरोपी की तलाश की जा रही है।

रेंज साइबर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के रायगढ़ जिला अंतर्गत अलीबाग निवासी कृश रजक ने समन्वय पोर्टल पर आठ मई 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उज्जीवन स्मल फायनेंस बैंक बिलासपुर व्यापार विहार शाखा के खाता धारक सुजित बंजारे नामक व्यक्ति के बैंक खाते में साइबर ठगी से मिले चार हजार रुपये जमा की गई है। जांच में पता चला कि नौ अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच सुमित के खाते में दो लाख 95 हजार रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने अपने बैंक खाते का उपयोग जानबूझकर साइबर अपराध में किया। उसके खाते से पीड़ितों से ठगे गए रुपयों को अपने लाभ के लिए उपयोग किया जा सके। सारे रुपये पीड़ितों से धोखाधड़ी कर ली गई थी।

आरोपी ने साइबर ठगों की मदद की। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# ई साक्ष्य एप का उपयोग करें

**बिलासपुर।** एसएसपी ने सिविल लाइन थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर विवेचकों के व्यक्तिगत मोबाइल से पूर्व में ई साक्ष्य ऐप के माध्यम से अपलोड किए गए वीडियों और अन्य डेटा का स्वयं अवलोकन किया। थाना प्रभारी को प्रतिदिन इस निर्देश की मानटरिंग करने का आदेश दिया गया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने मंगलवार की शाम आकस्मिक सिविल लाइन थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाले ई समन की तामील को समयबद्ध पूर्ण और अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने स्पष्ट किया कि थाना प्रभारी नियमित रूप से न्यायालय से प्राप्त ई समन का तामलील कराए, ताकि न्यायालयीन कार्रवाई में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब न हो। उन्होने बीएनएस एक्ट के तहत दर्ज अपराधों में त्वरित चालान पेश करने महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिन मामलों में 10 साल की तक की सजा का प्रावधान है, उनकी विवेचना 60 दिवस के भीतर और 10 साल से अधिक की सजा वाले मामलों में 90 दिन के भीतर आवश्यक रूप से चालान कोर्ट में पेश करने कहा गया है। थाने में फरियाद लेकर आए पीड़ितों की समस्याओं को सूनकर उन्होने दिवस अधिकारी को उनकी शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक निवारण अवाश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एडीशनल एसपी सिटी राजेन्द्र कुमार जायसवाल, एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा, सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि


प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# घर से भागने वाले नाबालिग पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नाबालिग होने के बाद लड़का और लड़की एक दूसरे को पसंद कर प्यार करने लगे। इसकी भनक उनके माता-पिता को लगी तो दोनों को फटकार लगाई। इस फटकार के बाद दोनों ने घर से भागने का बड़ा कदम उठा लिया और बिलासपुर रेलवे स्टेशन में घूमते हुए आरपीएफ और सिविल डिफेंस के हत्थे चढ़ गए।



मंगलवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन में उपनिरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आरक्षक जेके शर्मा के साथ प्लेटफार्म नम्बर 4-5 में ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान आरपीएफ स्टाफ ने एक बालक और बालिका को साथ में घूमते हुए देखने के बाद पूछताछ करने के लिए पोस्ट लाया। 15 वर्षीय बालिका अनूपपुर मध्यप्रदेश और 16 वर्षीय बालक ने पूछताछ में बताया कि दोनों एक दूसरे को पसंद करते हैं। दोनों का गांव आसपास है। घर में मां बाप के डांटने एवं मारने पीटने के कारण दोनों घर से भागकर आए हैं और बिलासपुर से मुम्बई जा रहे हैं।

आरपीएफ ने बालक और बालिका के पास से 37 हजार रुपए नकद, मोबाइल जब्त किया। इसके उपरांत मुख्य स्टेशन प्रबंधक बिलासपुर को सूचित करते हुए बालक एवं बालिका के उचित देखरेख व संरक्षण हेतु उपनिरीक्षक मनोज ने चाइल्ड लाइन टीम के मेम्बर चंद्रश तिवारी को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया।

# घर के सामने खड़े आटो में लगाई आग, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घर के सामने खड़े आटो में आग लगा दी, जिससे आटो जलकर खाक हो गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, कुंदरापारा निवासी कुनाल खाण्डे 13 जुलाई को शाम 7 बजे अपनी आटो क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू, 9487 खड़ी कर दिए थे। रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अज्ञात लोगों के द्वारा उनकी आटो में आग लगा दी। आवाज सुनकर वह घर से बाहर निकले तो आटो जल रही थी। घरवालों ने पानी डालकर आग बुझाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

